दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 221 जयपुर, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

### मणिपुर के 26 सेकंड के वीडियो से दहला देश: पीएम मोदी ने बताया... शर्मनाक

# दो महिलाओं की नग्न परेड का वीडियो देख संसद से सुप्रीम कोर्ट तक आक्रोश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपुर के एक गांव में मई महीने में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने की घटना पर देशभर में व्याप्त आक्रोश के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि इस घटना से 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। वहीं, उच्चतम न्यायालय ने इसे "पूरी तरह अस्वीकार्य" बताया। उधर, मणिपुर पुलिस ने सेनापति जिले के एक गांव में दो जनजातीय महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और भीड़ द्वारा बेरहमी से जुल्म किए जाने संबंधी चार मई की घटना के वीडियो में नजर आ रहे लोगों में से चार को गुरुवार को तब गिरफ्तार किया गया, जब शीर्ष अदालत सहित पूरे देश से इस शर्मनाक घटना पर आवाज उठी।

घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने भी क्षोभ प्रकट किया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने इस वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया और केंद्र तथा मणिपुर सरकार से फौरन कार्रवाई करने और अब तक की कार्रवाई पर रिपोर्ट पेश करने को कहा। पीठ ने कहा, 'मणिपुर में दो महिलाओं की जिस तरीके से परेड कराई गई है, उसके बुधवार को आए वीडियो से हम बहुत व्यथित हैं।' सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार वाकई में आगे आए और कार्रवाई करे, क्योंकि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। सरकार को कार्रवाई के लिए थोड़ा समय देंगे और अगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं होता है तो फिर हम कार्रवाई करेंगे।'

## सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, केंद्र और राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब

## चीफ जस्टिस ने कहा... सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो हम करेंगे

### 140 करोड़ देशवासी शर्मसार



संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि इस मामले में कानून सख्ती से एक के बाद एक कदम उठाएगा। उन्होंने कहा, 'मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है...इसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता है। मैं इस लोकतंत्र के मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा हृदय पीड़ा से भरा हुआ है, क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, और कौन-कौन हैं, वह अपनी जगह पर है... लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है।' इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने और खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने का आग्रह किया।



- **PM बोले... इस क्रूर घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**
- **CM गहलोत ने कहा... भाजपा को ऐसी घटना में सिर्फ एक आरोपी को पकड़ने में 77 दिन लग गए**
- **मणिपुर सरकार ने कहा... मुख्य साजिशकर्ता सहित चार गिरफ्तार**



मणिपुर @ चुराचांदपुर

### दोनों सदनों में हंगामा कार्यवाही स्थगित

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष ने मणिपुर में करीब दो महीने से जारी जातीय हिंसा पर संसद में प्रधानमंत्री मोदी के बयान देने और उसके बाद चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'मणिपुर में मानवता मर गई है।'

### अपराध पर जवाब का समय
### कांग्रेस- 2 घंटा, भाजपा- 77 दिन



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार के लिए महिलाओं की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। गहलोत ने ट्वीट किया,'हमारे लिए महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से बढ़कर कुछ भी नहीं है।' गहलोत ने लिखा,'जोधपुर में भयानक सामूहिक बलात्कार के बाद तीनों आरोपियों को महज दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन भाजपा को मणिपुर की शर्मनाक घटना में सिर्फ एक आरोपी को पकड़ने में 77 दिन लग गए।' उन्होंने लिखा, 'अपराध पर जवाब देने का समय- कांग्रेस का - दो घंटा, भाजपा का- 77 दिन।' गहलोत ने लिखा, 'अत्यंत दुख की बात है कि मणिपुर में हिंसा बंद होने का नाम नहीं ले रही। इससे पूरा देश चिंतित है। भाजपा की लापरवाही की वजह से मणिपुर में अभी तक 142 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।' उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'मणिपुर को देखकर राजस्थान में लोग पूछ रहे हैं कि भाजपा की सरकारों को कानून व्यवस्था कायम रखना क्यों नहीं आता?'

■ पेज 7 भी देखें



### 'कपड़े नहीं उतारोगी तो जान से मार डालेंगे'

मणिपुर की एक पीड़िता जो आप बीती बयां की है, उसे सुनकर किसी का भी कलेजा फट जाए। उसने बताया कि मेइती और कुकी समुदायों के बीच झड़प के एक दिन बाद 4 मई को मेइती भीड़ गांव के घरों को जला रही है तो उसका परिवार और अन्य लोग भाग निकले, लेकिन भीड़ ने उन्हें खोज लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी और उसके बेटे को कुछ दूरी पर ले जाकर मार डाला गया। पीड़िता के मुताबिक, इसके बाद भीड़ ने महिलाओं पर हमला करना शुरू कर दिया और 'हमारे कपड़े उतारने' के लिए कहा। लगभग 40 वर्षीय पीड़िता ने बताया, 'जब हमने विरोध किया तो उन्होंने मुझसे कहा- अगर तुम अपने कपड़े नहीं उतारोगी तो हम तुम्हें मार डालेंगे।' पीड़िता ने बताया कि उसने केवल खुद को बचाने की खातिर सारे कपड़े उतार दिए। उसके बाद उसे एक धान के खेत में घसीटकर ले जाया गया और पुरुषों ने वहां लेटने के लिए कहा। उसने बताया, 'मैंने वैसा ही किया जैसा उन्होंने मुझसे कहा। तीन लोगों ने मुझे घेर लिया... उनमें से एक ने दूसरे से कहा, 'आओ रेप करते हैं', लेकिन आखिर में उन्होंने ऐसा नहीं किया।' पीड़िता ने कहा, 'वे (पुरुष) रेप करने की हद तक नहीं गए लेकिन उन्होंने अश्लील हरकतें की।' पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक इस पीड़िता की 21 वर्षीया पडोसी महिला से भीड़ ने नग्न परेड और अश्लील हरकतों के बाद गैंगरेप किया। उसे छोटा भाई बचाने आया तो भीड़ ने उसकी निर्ममता से हत्या कर दी।

---

## जरूरी खबर

### मोदी सरनेम केस: राहुल गांधी की SC में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। सुनवाई करने वाली बेंच में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा होंगे। राहुल गांधी ने गुजरात हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें कि कोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। राहुल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका को 21 या 24 जुलाई को सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया था।

### BSF ने पाक का ड्रोन गिरा पकड़ी 12 करोड़ की हेरोइन




**जयपुर।** बीएसएफ ने सीमा पार से आई 12 करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी है। श्रीगंगानगर से लगी भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों को पाकिस्तान की ओर से आ रहे ड्रोन की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने तुरंत ड्रोन को फायरिंग कर गिरा दिया। ड्रोन से 3 पैकेट्स में रखी हेरोइन बरामद हुई। इस संदिग्ध हेरोइन 2.3 किलो है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 12 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### लाश रख कर धरना-प्रदर्शन करने की राजनीति पर लगेगी रोक

# शवों की सियासत पर कसेगा कानून का शिकंजा... पांच साल तक की सजा

- **धारीवाल ने कहा... डीएनए, जेनेटिक प्रोफाइलिंग कर डाटा होगा संरक्षित**
- **विपक्ष ने कहा... कानून से आंदोलनों को कुचलने का प्रयास**

## विधानसभा में राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक पारित



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अब शवों पर सियासत नहीं हो सकेगी। विधानसभा में गुरुवार को राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक -2023 को पारित कर दिया गया है। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद अब मांगें मनवाने के लिए शवों को रखकर धरना-प्रदर्शन वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। परिजनों के मृतक का शरीर नहीं लेने की स्थिति में एक साल की और शव रख कर आंदोलन करने वालों पर दो साल तक की सजा हो सकेगी। यह कानून एक तरफ मृतक को सम्मान से अंतिम संस्कार का हक देगा, वहीं दूसरी तरफ यह कानून प्रशासन को यह अधिकारी देगा कि शव रख कर आंदोलन होने स्थिति में जबरन अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा करवाए। संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि नए कानून के तहत लावारिस शवों की डीएनए एवं जेनेटिक प्रोफाइलिंग कर डाटा संरक्षित भी किया जाएगा, ताकि भविष्य में उनकी पहचान हो सके। चर्चा के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि शव रख कर आंदोलन करने की प्रवृत्ति दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वर्ष 2014 से 2018 तक इस तरह की 82 एवं वर्ष 2019 से अब तक 306 घटनाएं हुई हैं। वर्तमान में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रूप से रोक लगाने के लिए विधिक में प्रावधान नहीं हैं, इसीलिए विधेयक लाया गया है। परिजन द्वारा शव नहीं लेने पर विधेयक में एक वर्ष तक की सजा व जुर्माने, परिजन द्वारा धरना-प्रदर्शन में शव का उपयोग करने पर 2 वर्ष तक की सजा व जुर्माने व अन्य व्यक्ति के शव का विरोध के लिए इस्तेमाल करने पर 6 माह से 5 वर्ष तक की सजा एवं जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### दमनात्मक कानून: विपक्ष

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य सदस्यों ने नए कानून को दमनात्मक बताया। राठौड़ ने कहा कि इस कानून में किसी के साथ कोई जघन्य घटना हो जाती है तो वो विरोध भी नहीं कर सकेगा। न्याय मांगने के लिए लोग सड़क पर शव रख के बैठते हैं। कोई शौक से यह काम नहीं करता।

### 24 घंटे में अंत्येष्टि

इस बिल में कार्यपालक मजिस्ट्रेट को मृतक की अंत्येष्टि 24 घंटे में कराने की शक्ति दी गई है। विशेष परिस्थितियों में अवधि बढ़ाई भी जा सकेगी। परिजन द्वारा अंतिम संस्कार नहीं करने की स्थिति में प्रशासन करवा सकेगा। सिविल रिट पिटिशन आश्रय अधिकार अभियान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में सुप्रीम कोर्ट ने मृत शरीरों के शिष्टतापूर्वक अंतिम संस्कार के निर्देश प्रदान किए थे। वर्ष 2023 तक प्रदेश में 3,216 लावारिस शव मिले हैं। सरकार ने जनमत के लिए इस बिल को परिचालित करने का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया।

### पानी की सियासत: केंद्र-राज्य में विवाद

## गहलोत अगस्त में करेंगे ERCP का शिलान्यास

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार अगस्त में ईआरसीपी का शिलान्यास कर देगी। शिलान्यास नोनेरा या ईसरदा में किया जाएगा। जलसंसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने बताया कि केंद्र इस परियोजना को न तो राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे रहा है, ना ही कोई गंभीरता दिखा रहा। जल शक्ति मंत्री कोरे बयानों के अलावा कुछ नहीं कर रहे। अब राज्य सरकार अपने स्तर पर इस परियोजना के निर्माण की शुरुआत करेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में पहले ही 14 हजार करोड़ का प्रावधान किया हुआ है। मालवीय ने कहा कि ईआरसीपी का जो काम होना है उसके टेंडर लग गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत अगस्त में इसकी आधारशिला रखेंगे।

उधर, केंद्रीय जल मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दिल्ली में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना में हाल ही में सम्मिलित पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की परियोजना पर राजस्थान व मध्यप्रदेश के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें पार्वती, कालीसिंध, चंबल लिंक परियोजना और ईआरसीपी के एकीकरण पर विचार साझा हुए।

### कम्प्यूटर पैराटीचर्स अब अनुदेशक

**बेधड़क, जयपुर।** कम्प्यूटर पैराटीचर्स का पदनाम बदलकर कम्प्यूटर अनुदेशक कर दिया गया है। गुरुवार को अल्पसंख्यक मामलात विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। वहीं, पैराटीचर्स का 9 वर्ष की सविंदा सेवा पर कम्प्यूटर अनुदेशक ग्रेड द्वितीय का मानदेय बढ़ाते हुए 23,100 रुपए कर दिया है। वहीं, 18 वर्ष की सेवा के बाद कंप्यूटर अनुदेशक ग्रेड प्रथम का मानदेय 40, 300 किया गया है। इस पर मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चौपदार ने आभार जताया।

### कांग्रेस की चुनाव कमेटी घोषित

# पहली चुनावी टीम में गहलोत का दबदबा, डोटासरा का बढ़ा कद

- सरकार के सभी कद्दावर मंत्रियों को किया शामिल
- पायलट, डूडी, हरीश चौधरी और जितेन्द्र सिंह को भी मिला स्थान
- दो महिला मंत्रियों ममता भूपेश और शकुंतला रावत को कमेटी में जगह

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिहाज से गुरुवार को अपनी पहली चुनावी टीम का ऐलान किया। इस सूची में जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुट के माने जाने वाले नेताओं का दबदबा रहा, वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा का भी कद बढ़ा दिखा। दरअसल, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 29 नेताओं की राजस्थान की चुनाव कमेटी की घोषणा की है। इस कमेटी में मुख्यमंत्री गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा, भंवर जितेंद्र सिंह, रामेश्वर डूडी और सचिन पायलट सहित 29 लोगों को शामिल किया गया है। डोटासरा को इसका अध्यक्ष बनाया है। गहलोत और सचिन पायलट के समिति में आने से यह साफ हो गया है कि भाजपा के खिलाफ अब दोनों ही साथ आ गए हैं। वहीं, यह गहलोत और पायलट के बीच मतभेद दूर करने की यह आलाकमान की कोशिश का नतीजा है। बता दें, आलाकमान की बैठक के बाद पायलट ने बयान दिया था कि मिलकर चुनाव लड़ना है।







### इन्हें भी किया शामिल

कमेटी में रघुवीर मीणा, मोहन प्रकाश, रघु शर्मा, हरीश चौधरी, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर, यूपी के सहप्रभारी सचिव जुबेर खान और प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव ललित तूनवाल को मेंबर बनाया है। कमेटी में सिर्फ दो महिलाओं मंत्री ममता भूपेश और शंकुतला रावत को जगह मिली है। दो मुस्लिम नेता सालेह मोहम्मद और जुबेर खान को भी जगह दी गई है। इसके अलावा पांच जाट और चार गुर्जर नेताओं के नाम भी कमेटी में शामिल किए गए हैं। सूची में एसटी वर्ग को तवज्जो देते हुए इसके चार नेता लिए गए हैं।

### 16 मंत्रियों को किया शामिल

कमेटी में पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव, आपदा राहत मंत्री गोविंद राम मेघवाल, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा, खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना, गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव, श्रम राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया, ग्रामीण विकास मंत्री रमेश चंद मीणा, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सालेह मोहम्मद और महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश मेंबर हैं।

## जरूरी खबर

### ईसरदा बांध परियोजना का काम 63% पूरा



**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने गुरुवार को विधानसभा में कहा है कि सरकार ईसरदा बांध के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएगी। बांध का करीब 63 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मालवीय प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने ने बताया कि बांध परियोजना पर 487.79 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। परियोजना को अगस्त, 2024 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

### बेरोजगारी भत्ते से 6 लाख 80 हजार युवा लाभान्वित

**जयपुर।** राज्य मंत्री अशोक चांदना ने गुरुवार को विधानसभा में युवाओं के लिए चलाई जा रही बेरोजगारी भत्ता योजना पर कहा कि प्रदेश में कुल 19 लाख 15 हजार पंजीकृत बेरोजगार हैं। जिनमें से 16 लाख शिक्षित बेरोजगारों की श्रेणी में आते हैं। अब तक 11 लाख 93 हजार शिक्षित बेरोजगारों ने भत्ते के लिए आवेदन किया है, जिसमें से 6 लाख 80 हजार युवाओं को भत्ते से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ते के लिए इंटर्नशिप की स्वीकृति देना आवश्यक है। इंटर्नशिप से युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव मिलता है, जिसका उन्हें भविष्य में लाभ मिलता है।

### नागौर की सुमन कुमारी ने जीता प्रथम पुरस्कार



**जयपुर।** जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के तहत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर लाभार्थी अपना वीडियो बनाकर प्रतिदिन लाखों रुपए की ईनाम राशि जीत रहे हैं। कॉन्टेस्ट में मकराना, नागौर निवासी सुमन कुमारी बरवार ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते हैं। उन्होंने अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना पर आधारित अपना वीडियो पोस्ट किया था। दूसरे स्थान पर छोटी सादड़ी, प्रतापगढ़ की जननी बाई रहीं। उन्होंने 50 हजार रुपए की इनाम राशि प्राप्त की। जननी बाई ने महंगाई राहत कैंपों को लेकर वीडियो बनाया था।

---

**भाजपा नेताओं को पीसीसी चीफ की चुनौती,** किसी भी मंच पर बहस करने को तैयार

# कांग्रेस घोषणा पत्र के 94% वादे पूरे, BJP के आरोप तथ्यहीन

■ सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे भाजपा नेता

**बेधड़क । जयपुर**

भाजपा की ओर से लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ की जा रही बयानबाजी और आरोपों को लेकर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को पीसीसी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर निशाना साधा।

डोटासरा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सांसद किरोड़ी लाल मीणा समेत अन्य नेता कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। बिना तथ्यों के आरोप लगाकर केवल चुनावी माहौल



बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वह यह साबित करने का कुप्रयास कर रहे हैं कि राजस्थान में अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। डोटासरा ने कहा कि मैं राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं को चुनौती देता हूं कि वह अपनी भाजपा की गत सरकार का घोषणा पत्र और हम कांग्रेस के 2018 का घोषणा पत्र लेकर बैठ जाते हैं और किसी भी मंच पर बहस करने को तैयार हैं। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में 14 प्रतिशत वादे पूरे नहीं हुए थे और कांग्रेस सरकार ने 94 प्रतिशत चुनावी वादे पूरे कर दिए हैं। वहीं केंद्र सरकार ने प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे, वह अब तक पूरे नहीं किए।

### पीएम विदेश घूम रहे, यहां देश जल रहा

डोटासरा ने कहा कि मणिपुर की घटना से देश और दुनिया में हमारा सिर नीचे हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री विदेशों में घूम रहे हैं और हमारे यहां देश जल रहा है। मणिपुर में जो घटना हुई है, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। बोला नहीं जाएगा लेकिन केंद्र की सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। पीएम मोदी का मणिपुर की घटना की बजाए राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव ज्यादा फोकस है।

### यूपीए सरकार में किसानों का 72 हजार करोड़ रुपए का कर्जा माफ

डोटासरा ने किसान कर्ज माफी को लेकर कहा कि हमने राजस्थान में 14 हजार करोड़ रुपए देकर किसानों का कर्जा माफ किया। राष्ट्रीय बैंकों के कर्ज को लेकर हम प्रधानमंत्री को पत्र लिखते आए हैं। यूपीए सरकार में 72 हजार करोड़ रुपए का किसानों का कर्जा के माफ किए गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बार-बार किसानों की जमीन की नीलामी रोकने के लिए बोल रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने इसके लिए विधानसभा में कानून बनाकर भेजा। राज्यपाल ने कानून को रोककर गलत काम किया। वहीं पेपर लीक पर डोटासरा ने कहा कि यह राष्ट्रीय समस्या हैं। किसी सरकार ने इस पर अंकुश लगाने का प्रयास नहीं किया। सबसे पहले राजस्थान सरकार ने पेपर लीक रोकने का प्रयास किया। पेपर लीक के खिलाफ कानून लाने का काम किया।

### भाजपा के नेताओं में मनभेद और मतभेद

डोटासरा ने भाजपा के केंद्रीय नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि पहले भाजपा का कुनबा तो एक कर लो। 'अब नहीं सहेगा राजस्थान' का जो नारा दिया हैं इसमें भी नेताओं का बंटवारा करना पड़ा। इलाकों के आधार पर यह बंटवारा हुआ है। यह लोग एक होकर कोई कैंपेन नहीं चला सकते। भाजपा के नेताओं में मनभेद और मतभेद दोनों हैं। डोटासरा ने पीएम मोदी के सीकर दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर सीकर आते हैं तो यहां के जवानों और किसानों के लिए कुछ ना कुछ घोषणा करके जाएं।

---

**भाजपा ने की पेट्रोल-डीजल** के दामों में राहत देने की मांग

# पेट्रोलियम पदार्थों से वैट घटाने का कोई विचार नहीं: धारीवाल

■ संसदीय कार्य मंत्री बोले- नए तेल डिपो स्थापित होने पर कम हो सकती हैं कीमतें

**बेधड़क । जयपुर**

विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में पेट्रोलियम पर्दाथ पर वैट की दर ज्यादा होने का मुद्दा उठाया गया। उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने मामले को उठाते हुए कहा कि प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में वैट की दरें कम होने के कारण इन राज्यों से लगे जिलों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री प्रभावित है। सरकार को इन राज्यों की तरह ही प्रदेश में वैट की दर करनी चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व पर प्रभाव को देखते हुए आवश्यक होने पर ही वैट की दरों के संबंध में निर्णय करेगी। उन्होंने कहा कि तेल डिपो से पेट्रोल पंप की दूरी अधिक होने का असर डीजल एवं पेट्रोल की कीमतों पर होता है। प्रदेश में समुचित जगहों पर नए डिपो स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार तथा तेल कंपनियों को अलग-अलग समय पर पत्र लिखा गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले के बीच अन्य राज्यों की तुलना में दूरी काफी अधिक है। इसके कारण पेट्रोल एवं डीजल के परिवहन की कीमत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि गंगानगर, हनुमानगढ़ तथा चूरू में तेल की आपूर्ति जोधपुर डिपो से होती है। यदि इन जिलों के निकट डिपो स्थापित किया जाए तो परिवहन की लागत कम आएगी। धारीवाल ने बताया कि सीमावर्ती राज्यों में डीजल एवं पेट्रोल पर वैट की दर कम होने के कारण प्रदेश के सीमावर्ती जिलों श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू में बिक्री लगातार कम हो रही है, यह आरोप सरासर गलत हैं।



### 15वीं विधानसभा में हुईं सर्वाधिक बैठकें

पन्द्रहवीं विधानसभा में गुरुवार को 144वीं बैठक हुई। राजस्थान विधानसभा की नवीं विधानसभा से लेकर अब तक की पन्द्रहवीं विधानसभा तक तीन दशक में यह 144 बैठकें सर्वाधिक हैं। इससे पहले नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं और चौदहवीं विधानसभा में क्रमश: 95, 141, 143, 140, 119 और 139 बैठकें हुई थीं।

### विधानसभा का पश्न काल चर्चा में

पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा का प्रश्नकाल देश की अन्य विधानसभाओं में भी चर्चा का विषय रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने सदन संचालन में बेहतर प्रदर्शन कर सूचीबद्ध सभी प्रश्नों पर प्रतिदिन प्रश्नकाल के नियत समय में चर्चा कराई। डॉ. जोशी ने विधायकों और मंत्री को भी प्रश्न करने और जवाब देने के विश्लेषण में आने वाली कठिनाइयों को भी सरलता से पेश करने में मदद की। पन्द्रहवीं विधानसभा के आठवें सत्र में लगभग प्रतिदिन ही सूचीबद्ध सभी प्रश्नों पर नियत समय में चर्चा हुई। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र में 15,17 व 28 फरवरी और 1,2,3 व 15 मार्च और 17,18 व 19 जुलाई को प्रश्नकाल में सभी प्रश्नों पर सदन में चर्चा हुई।

### निशुल्क बिजली मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी का बहिर्गमन

भाजपा के विधायकों ने गुरुवार को घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली के मुद्दे पर विधानसभा में नारेबाजी की और सदन से बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा लागू नहीं होने से उत्पन्न स्थिति को लेकर स्थगन प्रस्ताव के जरिए इस मुद्दे को उठाया। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने निजी बिजली उत्पादक कंपनियों से महंगी बिजली खरीदी और किसानों को मुफ्त बिजली देने का झुनझुना पकड़ा दिया। सरकार की ओर से ऊर्जा मंत्री सहित कई विधायकों ने राठौड़ की बातों पर आपत्ति जताई। इस पर भाजपा के विधायक इकट्ठे होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर की नारेबाजी के बाद भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

---

**अधिकांश को रिक्त पदों पर जिम्मेदारी**

# राज्य सरकार ने किए 14 RAS के तबादले

**बेधड़क । जयपुर**

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर गुरुवार को 14 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से अधिकांश को रिक्त पदों पर जिम्मेदारी दी गई है।

सूची के अनुसार नवनीत कुमार को अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामला एवं पदेन निदेशक उपभोक्ता मामला, दाताराम को सीईओ ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी माडा भरतपुर, रंजीता गौतम को अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन विभाग, जयपुर, नीलिमा तक्षक को एडीएम जयपुर सैकंड, मानसिंह मीणा को रजिस्ट्रार राजस्थान विवि, चेतन चौहान रजिस्ट्रार कृषि विवि जोबनेर, अजय कुमार आर्य अति. निदेशक, शिशु समेकित बाल विकास सेवाएं जयपुर, नंदकिशोर राजोरा नगर विकास न्याय माउंट आबू, राजेन्द्र सिंह चांदावत एडीएम अजमेर, अर्पिता सोनी सहायक आयुक्त सतर्कता, उपनिवेशन बीकानेर, मनीषा लेघा सहायक निदेशक लोक सेवाएं, प्रशासनिक सुधार जयपुर, बाबूलाल जाट सचिव अल्पसंख्यक आयोग जयपुर, शैलेश खैरवा उपायुक्त परिवहन जयपुर, मनस्वी नरेश को एसडीएम गंगरार चितौडगढ़ लगाया है।

सूची में 4 आरएएस अधिकारी भावना गर्ग, प्रभजोत सिंह गिल सीता शर्मा और भूपेंद्र यादव को आगामी आदेशों तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रखा गया है।

### पीपल्या गांव में भी खुलेगा प्रवेश द्वार

**जयपुर।** वन मंत्री हेमाराम चौधरी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बफर एरिया में पर्यटकों के भ्रमण के लिए तीन प्रवेश द्वार खोले दिए हैं। इनके अतिरिक्त पीपल्या गांव में भी प्रवेश द्वार खोलने का परीक्षण कराया जाएगा। टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल 150189.21 हैक्टेयर है। उन्होंने बताया कि कोर क्षेत्र में कुल 8 गांव भैरूपुरा, केशोपुरा, गुढामकदूका, गुलखेडी, हरिपुरा, भीमगंज, धूंधला जी बाडा और जांवरा स्थित है। इन गांवों का विस्थापन किया जा रहा है।

---

**राज्यस्तरीय नीति बनाने के लिए** कार्यशाला का आयोजन

# सैनेटरी नैपकिन के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण पर की चर्चा

**बेधड़क । जयपुर**

महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से गुरुवार को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान में सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सेंटर फॉर साइंस एनवायरनमेंट,नई दिल्ली और यूएनएफपीए का सहयोग भी रहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास सचिव जीतेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कार्यशाला में महिलाओं और



किशोरियों द्वारा प्रयुक्त सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित निस्तारण और सुझावों पर विभिन्न तरीकों और स्थितिओं पर चर्चा की गई।

इसी क्रम में सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण पर बने हुए प्रारूप पर चर्चा कर राज्य स्तरीय नीति बनाई जाएगी। इसके समाधान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य कर रहा है। महिला अधिकारिता आयुक्त रेणु जयपाल ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सेनेटरी नैपकिन के वितरण और नैपकिन के सुरक्षित निस्तारण की राज्यस्तरीय नीति के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देना है।

कार्यशाला में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता शशि गुप्ता और भानुप्रिया ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से इस के लिए अलग से गाइडलाइन जारी की जाएगी।

### संस्कृत शिक्षा में 339 अध्यापकों की होगी भर्ती

**जयपुर।** संस्कृत विद्यालयों में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के 339 रिक्त पदों पर भर्ती की वित्त विभाग ने स्वीकृति दी है। संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही यह भर्ती कर शिक्षकों को नियुक्ति दी जाएगी। मंत्री कल्ला विधानसभा में विधायक डॉ.राजकुमार शर्मा के मूल प्रश्न का लिखित जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा के 131 राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक का एक ही पद स्वीकृत होने पर आरटीई एक्ट के तहत न्यूनतम 2 शिक्षकों के पद स्वीकृत करने की कार्यवाही विचाराधीन है।

---

**एडीजी आलोक जैन** ने बताए सैंपल्स

# अलवर में लेड, जिंक व सिल्वर का भंडार होने के मिले संकेत

**बेधड़क । जयपुर**

अलवर जिले की रैणी तहसील के बिलेटा के पास लेड, जिंक और सिल्वर डिपोजिट मिलने के संकेत मिले हैं। अब राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट से इसका एक्सप्लोरेशन करवाएगी।

निदेशक माइंस एवं पेट्रोलियम संदेश नायक को अतिरिक्त निदेशक जियोलोजी आलोक जैन ने संभावना व्यक्त करते हुआ कि प्रदेश में अलवर बेल्ट में भी लेड, जिंक, सिल्वर का बड़ी मात्रा में भंडार मौजूद है। नायक ने बताया



कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में खनिज के भंडारों को देखते हुए अधिक से अधिक एक्सप्लोरेशन को लेकर जोर दिया था। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में नए क्षेत्रों में खनिज खोज परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

यह पहला मौका है जब नार्थ डेहली फोल्ड बेल्ट में लेड, जिंक, सिल्वर के डिपोजिट के स्पष्ट संकेत मिले हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक साउथ डेहली फोल्ड बेल्ट में उदयपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, ओर अजमेर में लेड, जिंक, सिल्वर के डिपोजिट्स मिले हैं और इन क्षेत्रों में हिन्दुस्तान जिंक माइनिंग कर रहा है। बिलेटा के पास के लगभग 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में डिपोजिट मिलने की संभावना है। यहां से मिले सेंपल्स का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि यह सामान्य पत्थर से सात गुणा तक अधिक वजनी, चमकदार और लेयर्स में दिखाई दे रहे हैं।

---

**प्रधानमंत्री का सीकर दौरा, तैयारियों में जुटी भाजपा**

# मोदी देश के 9 करोड़ किसानों को बांटेंगे किसान सम्मान निधि की राशि

■ नए सिरे से टीम तैयार करने की कवायद, 5 जिलाध्यक्ष बदले

**बेधड़क । जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को सीकर दौरे पर रहेंगे। पीएम का यह दौरा खास रहेगा, क्योंकि पीएम जिला स्टेडियम में होने वाली सभा के दौरान देश के नौ करोड़ किसानों के खाते में एक साथ किसान सम्मान निधि की राशि ट्रांसफर करेंगे। नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारियों में जुटी हुई है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, सीकर जिलाध्यक्ष इंद्राज चौधरी, पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों सहित स्थानीय नेताओं ने अपने क्षेत्रों में गुरुवार को जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की 9 साल की योजनाओं और राजस्थान सरकार में कांग्रेस की कमियों को गिनाते हुए मोदी की सभा के लिए लोगों को निमंत्रण दिया।

वहीं मोदी की सभा और विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी अपनी टीम को नए सिरे से तैयार करने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को जोशी ने पांच जिलों के जिला अध्यक्ष बदल दिए



हैं। वहीं अन्य कई जिलों के जिला अध्यक्ष बदलने की कवायद जारी है। नई सूची के अनुसार श्रीगंगानगर में शरण पाल सिंह, हनुमानगढ़ में देवेंद्र पारीक, भीलवाड़ा में प्रशांत मेवाड़ा, सिरोही में सुरेश कोठारी और चित्तौड़गढ़ में मिट्ठू लाल जाट को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

### प्रदेश संयोजक और सह संयोजक की नियुक्तियां

भाजपा की 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान को जन–जन तक पहुंचाने की कवायद जारी है। इसी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने अभियान के लिए प्रदेश संयोजक और सह संयोजक की नियुक्तियां की हैं। अभियान के तहत जयश्री गर्ग को प्रदेश संयोजक और अंजू मिश्रा को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी ने घोषणा करते हुए कहा कि इन्हें अभियान को घर–घर तक पहुंचाने का टास्क दिया गया है।

### लाखों की संख्या में जुटेंगे किसान

केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि सीकर एवं झुंझुनूं की धरती जवान और किसान की धरती है। शेखावाटी के लोग प्रधानमंत्री की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी भी हैं। 27 तारीख को अपने नेता को सुनने के लिए शेखावाटी की जनता लाखों की संख्या में जिला स्टेडियम में पहुंचेगी। इसमें किसानों की संख्या ज्यादा होगी। वहीं सीआर चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने राजस्थान के विकास को गति देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### कांग्रेस नेता झूठ बोलने में बने नंबर वन

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर लगाए आरोपों पर पलटवार किया है। शर्मा ने कहा कि शायद कांग्रेस के नेताओं ने अपना घोषणा पत्र ढंग से नहीं पढ़ा, अगर पढ़ लेते तो 94 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे करने की बात नहीं कहते। प्रदेश में लगातार बिजली के बढ़ते दामों से जनता त्रस्त है, युवाओ को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला, किसानों का ऋण माफ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र की घोषणाओं में से अगर दस प्रतिशत भी पूरी हो जाती तो आज राजस्थान को देश के सामने शर्मिंदा नहीं होना पड़ता।

## जरूरी खबर

### मंत्री ने दी विमंदितों को छात्रावास की सौगात



**जयपुर।** राज्य सरकार ने गुरुवार को जामडोली स्थित राजकीय विमंदित गृह में मानसिक विमंदितों के लिए विभिन्न सौगात दीं। सामाजिक न्याय संकुल जामडोली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राजकीय देवनारायण बालिका छात्रावास, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास गोनेर का लोकार्पण और मानसिक विमंदित महिला विंग, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह (पुरुष एवं महिला) और ईडब्ल्यूएस छात्रावास का शिलान्यास किया। इसके साथ ही राज्य में 548 छात्रावासों का रसोई के आधुनिकीकरण का वर्चुअल लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छात्रावासों के नवीनीकरण के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का बजट दिया है। इससे एलईडी टीवी, कम्प्यूटर मय प्रिंटर, स्टील रैक, डीप फ्रिजर, रेफ्रिजरेटर, किचन गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, डायनिंग टेबल सेट, गैस, चूल्हा-भट्टी और बर्तन आरओ आदि की व्यवस्था करना शामिल है।

### अभयारण्य के जोनल प्लान पर मांगे सुझाव




**जयपुर।** नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र (इको सेन्सिटिव जोन) के लिए जोनल मास्टर प्लान के प्रारूप पर आमजन से सुझाव मांगे गए हैं। आमजन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की वेबसाइट https://environment.rajasthan.gov.in पर 4 अगस्त तक सुझाव दे सकेंगे। गौरतलब है कि जोनल मास्टर प्लान जयपुर स्थित मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत नाहरगढ़ भूमि उपयोग, बुनियादी ढांचे सहित सभी प्रमुख विकास के मुद्दों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही परिवहन, पारिस्थितिकी, पर्यावरण और वन्य जीवन पर प्राथमिकता से ध्यान दिया गया है। नाहरगढ़ इको-सेन्सिटिव क्षेत्र का जोनल मास्टर प्लान स्थानीय परिस्थितियों, वन्य जीवन आवास एवं उनके संरक्षण को ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें जैविक एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**अनोखी मुहिमः** पुलिस की सोशल मीडिया टीम फिल्मी डायलॉग से कर रही साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूक

# एक क्लिक में खातो होगो खाली... भाया! थारो पिसो तो गियो

**बेधड़क** | जयपुर

साइबर क्राइम को लेकर नित नई घटनाएं सामने आ रही हैं। साइबर क्रिमिनल्स नए-नए तरीकों से आमजनों को ठग रहे हैं। राजस्थान पुलिस साइबर सेल इसे लेकर अपनी कार्रवाई कर रही है। इसी को देखते हुए जागरूकता लाने के लिए राजस्थान पुलिस की सोशल मीडिया टीम ने एक सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है।

कैम्पेन की खासियत यही है कि इसमें रोचक तरीके से संवादों, पंच लाइनों के जरिए साइबर ठगी के तरीकों के बारे में बताते हुए, उन्हें रोकने के उपाय भी बताए गए हैं।










कैम्पेन की शुरुआत किसी से भी पिन या पासवर्ड शेयर न करने की हिदायत देने वाली पोस्ट से की गई। इसे आदिपुरुष मूवी के डायलॉग से कनेक्ट कर 'बैंक अकाउंट मेरा, एटीएम भी मेरा, पासवर्ड भी मेरा.. तो किसी से शेयर क्यों करना..' पेश किया गया। इस पोस्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। इसके बाद आने वाली फिल्म के ट्रेलर में नजर आए एक सीन और उसके संवाद को उपयोग में लिया गया। इसमें 'रख विश्वास, साइबर हेल्पलाइन 1930 है तेरे पास' लिखते हुए बताया गया है कि अब साइबर हेल्पलाइन का नम्बर बदल गया है। यह अब 155266 नहीं 1930 हो गया है। ऐसे में यदि किसी के साथ ठगी होती है तो इस नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

### राजस्थानी के पंच ने जीता दिल

फिल्मी संवादों में राजस्थानी भाषा का प्रयोग करते हुए फिल्म करण अर्जुन के एक संवाद को राजस्थानी में बदलकर पेश किया है। इसमें ऑनलाइन लॉटरी, बम्पर ऑफर जैसे प्रलोभनों से बचने का संदेश देते हुए कहा गया है- 'काका ई लॉटरी के चक्कर में तो मैं लुटगो, एक ही क्लिक करयो और खातो होगो खाली।' इस पर काका कहते हैं- 'भाया थारो पिसो तो गियो।' इसके साथ ही सावधानी बरतने का संदेश दिया गया है।

### रोचक संदेश से चर्चा में सोशल मीडिया टीम

राजस्थान पुलिस की सोशल मीडिया टीम पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय नजर आ रही है। करीब डेढ़ साल से अधिक समय से राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर बड़े रोचक तरीके से इस तरह की मुहिम चलाई गई है। इसमें फिल्मी गानों, शायरी, पंचलाइन, संवादों आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह के रोचकतापूर्ण संदेश से आमजन को बातें सहजता से समझ आती हैं। इससे पूर्व भी होली, न्यू ईयर, फ्रेंडशिप डे जैसे मौकों पर पुलिस ने ऐसे प्रयोग किए गए हैं जो सफल भी रहे हैं।

**आरयू की चुनाव बैठक में भारी हंगामा**

# सवालों पर पुलिस सुरक्षा में भागे VC

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण छात्र संघ चुनाव करवाने को लेकर हुई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। दरअसल गुरुवार को राजस्थान युनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू नरेश मलिक द्वारा पुलिस प्रशासन, छात्र नेताओं, विवि प्रशासन की एक बैठक रखी गई थी।

बैठक शुरू होने के कुछ समय बाद ही छात्र नेताओं द्वारा सवाल पूछने पर हंगामा हो गया। विद्यार्थी परिषद के इकाई अध्यक्ष भारत भूषण ने कुलपति से पूछा कि विवि प्रशासन परीक्षा पूरी होने से पहले चुनाव की तैयारी क्यों करवा रहा है। यह मीटिंग तो चुनाव का हिस्सा है तो बिना चुनावी कैलेंडर जारी हुए ऐसी मीटिंग क्यों आयोजित की गई। ऐसे स्टूडेंट्स के कई सवालों का जवाब कुलपति राजीव जैन नहीं दे पाए। मीटिंग में हंगामा बढ़ता देख कुलपति पुलिस के सुरक्षा घेरे में सीनेट हॉल से बाहर निकल गए। मीटिंग के दौरान पुलिस विभाग से डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव, एडि. डीसीपी मुश्तफा अली जैदी, एसीपी गांधीनगर निहाल सिंह, गांधीनगर थाना एसएचओ सुरेंद्र यादव, कुलपति राजीव जैन, डीएसडब्ल्यू नरेश मलिक, चीफ वार्डन, प्रोक्टरल बोर्ड के सदस्य, छात्र नेता मौजूद रहे।



#### स्टूडेंट्स कानून हाथ में न लें

बैठक में पहुंचे डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान स्टूडेंट्स कानून हाथ में न लें। उन्होंने चुनाव के दौरान लिंगदोह कमेटी में बने नियमों का पालन करते हुए निर्धारत जगह पर ही पोस्टर, पेम्पलेट, बैनर लगाने का आग्रह किया। उन्होंने हिदायत दी कि नियमों का पालन नहीं किए जाने पर पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई करवाते हुए गाड़िया भी जब्त की जाएंगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी देने से भी बचना चाहिए।

#### पहले परीक्षा करवाएं, फिर चुनाव

बैठक के दौरान डीसीपी यादव ने पूछा कि कैम्पस में चुनाव का माहौल है या पढ़ाई का तो स्टूडेंट्स एक ही सुर में कुलपति के सामने ही पढ़ाई नहीं करवाने का दावा करने लगे। स्टूडेंट्स बोले कि कैंपस में केवल चुनावी माहौल ही होता है। समय पर पढ़ाई नहीं होती हैं। स्टूडेंट्स बोले कि कुलपति के आने के बाद विवि की ग्लोबल और राष्ट्रीय रैंक भी गिर गई। स्टूडेंट्स ने सुझाव दिए कि चुनाव परीक्षा के परिणाम आने के बाद ही करवाने चाहिए। यूनिवर्सिटी प्रशासन पहले परीक्षा करवाए और फिर चुनाव की सोचे। वहीं, स्टूडेंट्स छात्र संघ कार्यालय खाली नहीं करवाने को लेकर भी नाराज नजर आए।

### NSUI ने पैदल मार्च निकाल राजभवन में सौंपा ज्ञापन

जोधपुर यूनिवर्सिटी में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय से शहीद स्मारक तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला। इस दौरान एबीवीपी पर बैन लगाने की मांग की गई। चौधरी ने कहा कि एबीवीपी की दूषित विचारधारा



के लोग शिक्षा के मंदिरों को गंदा और बर्बाद कर रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ता शिक्षा के मंदिरों में छात्र विरोधी, महिला विरोधी, शिक्षक विरोधी माहौल खड़ा कर रहे हैं। शहीद स्मारक पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन एनएसयूआई के एक 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को राजभवन लेकर गया, जहां पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर एबीवीपी पर बैन लगाने की मांग की। मार्च के दौरान एनएसयूआई के छात्र ट्रैफिक सहित अन्य नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे थे।

### जेके लोन में आग मामले में कमेटी ने नहीं सौंपी रिपोर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

जेके लोन अस्पताल के प्री-फेब्रिक वार्ड में सोमवार को आग लगने के बाद गठित की गई कमेटी को 48 घंटे में रिपोर्ट पेश करनी थी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया। कमेटी में सीनियर प्रोफेसर डॉ. जगदीश सिंह, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. मनीष शर्मा, अधीक्षण अभियंता चिकित्सा शिक्षा नीरज जैन, अधिशाषी अभियंता विद्युत पीडब्ल्यूडी मुकेश सिंघल, अधिशाषी अभियंता विद्युत, राजमेस जितेन्द्र मोहन और अधिशाषी अभियंता सिविल एएन रावत शामिल हैं।

उधर, घटना के बाद अधिकारी भी शांत बैठे हैं, उन्होंने अब तक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। वार्ड को बनाने वाली कंपनी को भी अस्पताल प्रशासन ने नोटिस नहीं दिया है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. कैलाश मीणा का कहना है कि जांच रिपोर्ट मेरे पास नहीं आकर सरकार को पेश होगी, जिसका इंतजार मुझे भी है।

**विरोध में सराफ के साथ JDC से मिले व्यापारी**

# सौंदर्यीकरण की जालियों से 100 दुकानों का रास्ता बंद!



**बेधड़क** | जयपुर

लक्ष्मी मंदिर तिराहे से लालकोठी सब्जी मंडी तक बन रहे अंडरपास से पहले साइड में लगाई जा रही झरोखेदार जालियों को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने विरोध जताया है।

यहां के व्यापारियों कहना है कि सौंदर्यीकरण के नाम पर करीब 100 दुकानों का रास्ता बंद किया जा रहा है। इस संबंध में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में जेडीसी से मिला और विरोध दर्ज करवाया।

इस दौरान जेडीसी ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जेडीए के अधिकारियों का एक दल मौके पर गया और व्यापारियों की आपत्ति और समस्या के संबंध में तथ्य जुटाए। अधिकारियों के निरीक्षण के वक्त विधायक कालीचरण भी मौके पर मौजूद रहे। विधायक ने जेडीए प्रशासन को कहा कि सभी व्यापारियों ने ये दुकानें नीलामी में खरीदी हैं। सौंदर्यीकरण के नाम पर इनका व्यापार चौपट नहीं होने देंगे। मौके पर पार्षद हिमांशु जैन, हरी अजमेरा, अजय भार्गव, विनोद शर्मा, कपिल गर्ग, अशोक गुप्ता, गजानन्द गुप्ता, अरुण सिंह और संजय माथुर सहित स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

S. S. Jain Subodh P. G. Mahila Mahavidyalaya
Rambagh Circle, Jaipur. Tel. 0141-2568096
(A Unit of S.S. Jain Subodh Shiksha Samiti, Jaipur)
www.subodhmahilacollege.com
(AFFILIATED TO THE UNIVERSITY OF RAJASTHAN)
ADMISSIONS OPEN : 2023-2024
Courses Offered
B.Sc.- Biology and Maths, Honours: Physics & Chemistry
B.Com. | BBA & BCA
B.A.- Economics, English Lit., Hindi Lit., Home Sc., History, Political Sc., Pub. Admn., Psychology, Sociology & Geography
M.Sc.- Chemistry, Mathematics & Psychology
M.Com.- EAFM & ABST
M.A.- Pub Admn., Economics, English & Psychology
Awarded 3 GOLD MEDALS on the 32nd Convocation Ceremony of the University of Rajasthan
Ms. Komal Mittal, B.Sc. (Double Gold Medalist) | Ms. Tanu Mondal, B.A. (Gold Medalist)
Rank Holders in Merit List of University of Rajasthan
Ms. Vinita Sharma, M.Sc. Chemistry, III Rank | Ms. Shagun Pareek, M.Sc. Chemistry, VII Rank | Ms. Kanchan Ramrakhani, M.Sc. Chemistry, IX Rank | Ms. Sarika Chouhan, M.Sc. Chemistry, VII Rank
Ms. Kajol Choursiya, M.Sc. Chemistry, VII Rank | Ms. Sulekha Sharma, B.Sc., VI Rank | Ms. Inderjeet Kaur, B.Sc., IX Rank | Ms. Nazmeen Khan, BCA, III Rank
Ms. Divya Chhabra, BCA, VII Rank | Ms. Nikita Hada, BCA, III Rank | Ms. Mansi Soni, B.A., III Rank
For Counseling & Admission Query Contact
7877056120 (Commerce) 9413621565 / 9680099327 (Arts)
7073726820 (Science) 9799999700 (BBA) 7737203272 (BCA)
Email: info@subodhmahilacollege.com, subodhmahilacollege99@gmail.com
Short Term Skill Development Courses : • Digital Marketing • Cyber Security • Tally & RS-CIT Certification • Advance Excel • GST Return and ITR Return • Graphics Design • Early Childhood Care Education • Yoga Instructor • Reiki & Sujok Therapy • CA Foundation
Highlights : • Quality Education at Affordable Fee • Highly Qualified & Experienced Faculties • MOUs with Leading Organizations for Internships & Placements • Excellent Placement Opportunities • NSS • State -of-the- Art Laboratories • Wi-Fi enabled Campus • Well stacked Library with E-learning Resources • Well-equipped Seminar Halls • Campus under CCTV Surveillance • Indoor & Outdoor Sports Coaching Facilities • Secure & Spacious Parking Facility • Hygienic Cafeteria • Safe & Green Campus • Soft Skills & Personality Development Trainings
Visit www.subodhmahilacollege.com for Online Admission
For Offline Admission and Further Query contact in the college office between 9.30 AM to 3.30 PM on working days
V.C. Daga, Convener | Dr. Renu Joshi, Principal

S.S. JAIN SUBODH LAW COLLEGE
for Justice and Peace
(a unit of S.S. Jain Subodh Shiksha Samiti, Jaipur)
AFFILIATED TO DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR • APPROVED BY BAR COUNCIL OF INDIA, NEW DELHI
LLM TWO YEAR POSTGRADUATE DEGREE COURSE
LLB THREE YEAR PROFESSIONAL DEGREE COURSE
SUBODH JUDICIAL ACADEMY
• Special classes for Judiciary exam preparation • Regular Mock Tests
ADMISSIONS OPEN
Visit College Campus : Sector 5, Shipra Path, behind Metro Mas Hospital, Mansarovar, Jaipur -20
• Ph.: 0141-2786988, 2786990, Email: slclawadmission@gmail.com, website : www.subodhlawcollege.com
Sanjeev Kothari, Convener | Mob.: 9982648222 / 333 / 444 / 555 | Prof. (Dr.) Gaurav Kataria, Principal


**कर्नाटक में जैन मुनि की हत्या का मामला**

# बंद रखी दुकानें, प्रभातफेरी निकाली

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी समेत प्रदेशभर में गुरुवार को जैन समाज ने पिछले दिनों कर्नाटक में की गई जैन मुनि की हत्या के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया। इधर, जैन मुनि की हत्या का मामला विधानसभा में भी गूंजा।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि संतों से ही धर्म की पहचान है। राजस्थान जैन सभा, अतिशय क्षेत्र महावीरजी, मुनिसंघ प्रबंध समिति के आव्हान सकल जैन समाज भट्टारक जी नसियां में जैन आचार्य काम कुमार नंदी की हत्या के विरोध में सकल जैन समाज के आह्वान पर भारत बंद भी रखा गया। नसियां में णमोकार महामंत्र के पाठ और आचार्य को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। समाजजनों ने दिनभर कार्य का बहिष्कार किया। जयपुर में बंद का पूरा असर नजर आया। चारदीवारी के प्रमुख बाजार चौड़ा रास्ता, गोपाल जी का रास्ता, हल्दियों का रास्ता, घी वालों का रास्ता सहित अन्य बाजार में अन्य व्यापारियों ने बंद को समर्थन किया। जैन मंदिरों में भी अलग-अलग प्रभातफेरी निकालकर विरोध दर्ज करवाया। दूसरी तरफ जयपुर ग्रामीण में भी दुकानें बंद रही। सुधांशु कासलीवाल और मुनिसंघ समिति के अध्यक्ष देवप्रकाश खंडाका ने कहा कि सकल जैन समाज में हत्या को लेकर नाराजगी है।



#### विधानसभा में उठा मामला

सकल जैन समाज जयपुर के आह्वान पर जैन प्रतिष्ठानों को बंद रखा व निजी /राजकीय सेवाओं में कार्यरत व्यक्ति स्वैच्छिक अवकाश पर रहे। राजस्थान विधानसभा में मुनि की हत्या का मामला विधायक अशोक लाहोटी ने उठाया। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के नाम ज्ञापन विधानसभा प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा को प्रस्तुत किया। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया को ज्ञापन सौंपा।

#### गिरफ्तारी समेत उठाई कई मांगें

जैन आचार्य की हत्या की साजिश में शामिल सभी लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मामले की जांच सीबीआई करे और आरोपियों के खिलाफ केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। जैन तीर्थों, मंदिरों और धर्मावलंबियों के संरक्षण के लिए जनकल्याण आयोग और राज्य में जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की मांग की। समाजजनों ने अपने हाथ पर काली पट्टी बांधे रखी।

## जरूरी खबर

### श्री मद् भागवत कथा का 23 से होगा आयोजन



**बीकानेर।** सत्संग परिवार संस्थान की ओर से गोपेश्वरी बस्ती स्थित शिव पार्वती मंदिर में 23 से 30 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। बुलाकी दास अग्रवाल ने बताया कि व्यासपीठ से मुरली मनोहर व्यास कथा श्रवण कराएंगे। कथा के प्रथम दिन लक्ष्मीनाथ मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा के दौरान सजीव झांकियां सजाई जाएगी। वहीं भजनों रस व इत्रवर्षा भी होगी।

### बोलेरो ने मारी टक्कर, दो घायल, एक की मौत

**झालावाड़।** सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को तेज रफ्तार बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवकों के गंभीर घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना जिले के सुनेल थाना क्षेत्र के नजदीक गांव हेमड़ा के निपानिया तिराहे की। प्रभारी थाना सुनेल रमेश चंद मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव हेमड़ा निवासी रामप्रसाद पुत्र मगन धाकड़ ने रिपोर्ट दी है कि उसका बेटा भगवान सिंह धाकड़, जसवंत भील, गोपाल मेघवाल तीनों निपानिया तिराहे पर खड़े थे। तभी बोलेरो कार चालक श्रीराम लुहार निवासी निपानिया ने युवकों को टक्कर मार दी। इसमें भगवान सिंह धाकड़ की मौत हो गई। जसवंत भील, गोपाल मेघवाल घायल हो गए।

### गोवंश पर तेजाब डाला, ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम



**चौमूं।** एनएच-52 पर कचरा डिपो के पास गुरुवार शाम समाज कंटक लोगों की ओर से नंदी पर तेजाब डालकर जख्मी कर देने का मामला सामने आया है। इसको लेकर गोरक्षक दल के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। हाईवे पर जख्मी गोवंश को देखकर गोरक्षकों ने जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर थाना अधिकारी विक्रांत शर्मा जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया। वहीं जख्मी नंदी को एंबुलेंस से इलाज के लिए गोशाला भिजवाया गया। वही हाईवे पर जाम लगने के बाद भी हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे।

---

**चेराई सामूहिक हत्याकांड:** शाम को कलेक्टर से वार्ता के बाद गतिरोध खत्म, रात में हुआ अंतिम संस्कार

# संविदा नौकरी, पुलिस चौकी व उचित मुआवजे पर सहमति

अरुण हर्ष | बेधड़क

**जोधपुर।** जिले के ओसियां में गंगाणियों की ढाणी में बुधवार सुबह हुए सामूहिक हत्याकांड के बाद गुरुवार को पूरे दिन ग्रामीणों व परिवार की प्रशासन से वार्ता चली। शाम को दूसरे दौर की वार्ता में शवों के अंतिम संस्कार पर सहमति बनी।

परिवार की ओर से चेराई चौकी पर प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर हिमांशु गुप्ता व एसपी ग्रामीण धर्मेंद्र यादव से वार्ता के लिए पहुंचा। वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। मांगों को लेकर बुधवार से ही ग्रामीण धरने पर बैठे थे। जोधपुर ग्रामीण एसपी, कलेक्टर सहित पुलिस और प्रशासन का पूरा जाप्ता तैनात था। बुधवार दिनभर चले धरने के बाद गुरुवार को भी वार्ता का दौर चला। इस दौरान परिवार के 2 सदस्यों को संविदा पर नौकरी, परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी लगाने पर सहमति बन गई है।

वहीं उचित मुआवजे के लिए प्रशासन की ओर से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इन मांगों पर सहमति बनने के बाद करीब 40 घंटों से चल रहा गतिरोध खत्म हो गया। परिजनों ने रात को ही



शवों का अंतिम संस्कार किया। घटनास्थल पर ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा, पूर्व मंत्री भैराराम सियोल, खींवसर से विधायक नारायण बेनीवाल, विधायक पुखराज गर्ग, इंदिरा बावरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### तीन महीने से हत्या के तरीके ढूंढ रहा था आरोपी

सामूहिक हत्याकांड के आरोपी पप्पूराम से लगातार पूछताछ कर रही है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह तीन महीने से अपने मोबाइल में हत्या करने के तरीके और उसका सबूत कैसे मिटाया जाए? यही सर्च करता और वीडियो देखता था। उसने यह वीडियो देखकर ही तय किया कि गहरी नींद में धारदार हथियार से वार कर एक बार में गला रेतने से मौत हो जाएगी और शव को जलाने से सबूत मिट जाएंगे, लेकिन झोपड़ी की आग अल सुबह आस-पास वालों को दिख गई और वह दौड़ कर ढाणी की तरफ आए और सारा मामला लोगों के सामने आ गया।

### वारदात के बाद चार घंटे में पकड़ा गया था पप्पूराम

हत्याकांड में गंगाणियों की ढाणी निवासी पूनाराम, उसकी पत्नी भंवरी, पुत्रवधू धापु देवी और 6 महीने की पोती मनीषा की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस निर्मम हत्याकांड का पुलिस ने 4 घंटे में खुलासा कर मृतक पूनाराम के भतीजे पप्पूराम को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मौके पर ही पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए थे, लेकिन परिजन व ग्रामीण धरने पर बैठ गए और मांगे पूरी नहीं होने तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़ गए थे। परिजनों का कहना है कि इस हत्याकांड में आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

---

**मारे जाने के डर से पहुंचे थाने,** तीनों पर 50-50 हजार का था ईनाम

# जघीना हत्या के 3 आरोपियों ने पुलिस के सामने किया सरेंडर

■ आरोपी बोले- हत्याकांड से हमारा कोई लेना-देना नहीं

बेधड़क | भरतपुर

जिले के आमोली टोल प्लाजा पर पिछले दिनों रोडवेज की बस में घुसकर गैंगस्टर कुलदीप जघीना की हत्या के मामले में गुरुवार को तीन आरोपियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। तीनों आरोपियों पर भरतपुर आईजी ने बुधवार को ही 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

हत्याकांड से जुड़े आरोपी पंकज, लोकेंद्र और देवेंद्र ने डीग कोतवाली में पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया। आरोपियों ने कहा है कि उनका कुलदीप जघीना हत्याकांड से कोई लेना देना नहीं है। यदि हम उस मामले में दोषी पाए जाते हैं तो हमारे खिलाफ कार्रवाई की जाए।

डीग कोतवाली पर सरेंडर करने पहुंचे लोकेंद्र ने कहा कि 12 जुलाई को आमोली टोल प्लाजा पर हुए



कुलदीप हत्याकांड में उनका नाम शामिल किया गया है। उन पर इनाम भी घोषित किया गया है। लोकेंद्र ने कहा कि उनका उस घटना से कोई लेना देना नहीं है। लोकेंद्र ने कहा कि उन्होंने डीग में इसलिए सरेंडर किया क्योंकि उन्हें दूसरी जगह खतरा था।

साथ ही आरोप लगाया कि गैंग्स्टर कुलदीप जघीना के ससुराल वालों ने भी उन्हें 15 दिन में ढूंढकर मारने की धमकी दी थी। सरेंडर करने के दौरान तीनों ईनामी आरोपियों के पास कोई हथियार नहीं था। सरेंडर के बाद तीनों आरोपियों को भरतपुर के मथुरा गेट थाने ले जाया गया। एडिशनल एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय की मौजूदगी में पुलिस ने उनसे पूछताछ की।

वहीं घटना को लेकर भी उनसे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि बुधवार को ही कुलदीप जघीना के परिजन पुलिस अधीक्षक के ऑफिस पहुंचे थे और चेतावनी दी थी कि जब तक अन्य आरोपी नहीं पकड़े जाएंगे, वे एसपी ऑफिस के बाहर ही धरने पर बैठ जाएंगे।

### अब तक 9 आरोपियों को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

कुलदीप जघीना हत्याकांड में पुलिस 6 आरोपियों विष्णु जाट, बबलू गुर्जर, धर्मराज जाट, सौरभ लुलहारा, अमनदीप सिंह और कुलदीप सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं अब तीन आरोपियों के सरेंडर करने के बाद कुल 9 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। वहीं 4 आरोपियों की तलाश की जा रही है। एसपी मृदुल कच्छावा ने आरोपी देवेंद्र, लोकेंद्र, पंकज और रोबिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। बुधवार को इस इनाम को आईजी भरतपुर ने बढ़ाकर 50-50 हजार रुपए कर दिया था। फिलहाल मामले में रॉबिन और दो अज्ञात बदमाश फरार चल रहे हैं।

### यह है पूरा मामला

गत 12 जुलाई को कृपाल जघीना हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप जघीना और विजयपाल को पुलिस जयपुर जेल से रोडवेज बस में पेशी के लिए भरतपुर लेकर जा रही थी। इस दौरान आमोली टोल प्लाजा पर सुबह 11.55 बजे जैसे ही बस रुकी तो उसमें से करीब हथियारों से लैस 8-10 हमलावर घुस गए। उन्होंने कुलदीप और विजयपाल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वहीं कुछ बदमाश बस के बाहर से भी फायरिंग कर रहे थे। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। इस हमले में गैंगस्टर कुलदीप जघीना की मौत हो गई, जबकि विजयपाल जख्मी हो गया। इसके अलावे दो अन्य यात्रियों को भी गोली लगी थी। बाद में पुलिस ने पीछा कर चार आरोपियों को अलग-अलग जगह से पकड़ लिया था। जिसमें दो आरोपियों को आगरा से पकड़ा था।

---

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

# बड़े भाई से मारपीट के बाद स्कूटी से बांधकर घसीटा

■ गांव में पंचायत सचिव पद पर कार्यरत है आरोपी

बेधड़क | नागौर

शहर के कोतवाली थाना इलाके के ताऊसर गांव-गुर्जर खेड़ा में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट कर डाली। इससे भी मन नहीं भरा तो उसे स्कूटी के पीछे बांध कर गांव में घसीटता रहा।

यह घटना गांव के चौक पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी छोटा भाई हंसराज मेघवाल सरकारी कर्मचारी है और वह गांव में पंचायत सचिव है। हंसराज मेघवाल और उसके बड़े भाई मनोहर पुत्र बद्री राम मेघवाल के बीच कुछ दिनों से आपसी रंजिश चल रही है।



इस कारण छोटे भाई हंसराज मेघवाल ने अपने बड़े भाई मनोहर मेघवाल से मारपीट कर डाली। वीडियो में दिख रहा है कि गांव के चौक पर मनोहर मेघवाल बैठा हुआ है। उसी वक्त उसका छोटा भाई हंसराज मेघवाल आकर बड़े भाई से बातों-बातों में उलझ जाता है और उसके साथ मारपीट करने लगता है।

इसके बाद उसे जमीन पर पटक जूते से भी पिटाई करता है। इससे भी उसका दिल नहीं भरा तो उसने एक रस्सी से अपनी स्कूटी के पीछे बड़े भाई को बांध लिया और गांव की तरफ उसे घसीटते हुए ले गया। इस पूरी वीडियो में बड़ा भाई मनोहर असहाय हालत में दिखता है। वहीं किसी ने भी उसको छुड़ाने की जहमत नहीं उठाई।

---

**खेत में काम करते समय टूटकर गिरा** 11 हजार केवी का तार

# करंट लगने से दादा ससुर व बहू की मौत

बेधड़क | नागौर

जिले के जसवंताबाद ग्राम पंचायत के सुरपुरा गांव में विद्युत हादसे में दो लोगों की जान चली गई। खेत में काम करते समय एक किसान पर बिजली का तार टूटकर गिर गया। उसे बचाने आई पोते की पत्नी भी करंट की चपेट में आ गई। इसके चलते हादसे में दोनों की मौत हो गई।

सुरपुरा निवासी सुरजाराम ने बताया कि बारिश के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे उसके दादाजी जीवणराम मेघवाल (70) और मेरी पत्नी ममता (30) घर से दो किमी दूर खेत पर निराई-गुड़ाई गए थे। इस दौरान करीब 10 बजे 11 हजार लाइन का तार टूटकर दादा जीवणराम पर गिर गया। करंट की चपेट में आए दादा ससुर को बचाने के लिए ममता दौड़ी तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। शोर-शराब सुनकर पड़ोस के खेत में काम कर रहे मोतीराम और उसके परिवार के लोग मदद के लिए दौड़े। मोतीराम ने लाइनमैन को फोन कर बिजली सप्लाई बंद करवाई। परिजन दोनों को मेड़ता के सरकारी अस्पताल में लेकर आए, जहां जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया।

### एलिवेटेड पुलिया से छलांग लगा युवक ने की आत्महत्या

**राजसमंद।** जिले में एक तरफा प्यार में युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना नाथद्वारा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-8 के एलिवेटेड पुलिया पर बुधवार शाम की है। सुसाइड के दौरान बाजार में मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। लोग युवक को लेकर ट्रोमा सेंटर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन अस्पताल में लाइट चली गई। डॉक्टरों ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में इलाज करने का प्रयास किया। इस दौरान 5 मिनट बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पीपरड़ा नवा कुआं निवासी श्रवण सिंह के रूप में हुई है। वह उदयपुर के उदियापोल स्थित नटराज रेस्टोरेंट में काम करता था। मंगलवार को वह यह कहकर उदयपुर से निकला था कि घर पर काम है। इसके बाद श्रवण दोपहर करीब 4 बजे उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर नाथद्वारा में आइकॉनिक गेट के सामने एलिवेटेड पुलिया पर पहुंचा। वहां करीब 20 मिनट तक वह टहलता रहा। इसके बाद पुलिया से नीचे कूद गया।

---

**माता-पिता गए थे खेत पर,** अकेली देखकर हैवानियत

# रिश्तेदार ने पांच साल की मासूम को बनाया हवस का शिकार

बेधड़क | बारां

जिले में एक और पांच साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि भंवरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

इसमें बताया कि बुधवार को वह और उसकी पत्नी खेत पर काम से गए थे। उनका बेटा और पांच साल की बेटी घर पर अकेले थे। दोपहर करीब 1 बजे उसके घर एक रिश्तेदार आया। उसने घर में बच्ची को अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले एक महिला घर के अंदर पहुंची तो आरोपी वहां से भाग गया। शाम को पीड़िता के माता-पिता घर पहुंचे तो घटना का पता चला। इसके बाद पीड़िता के पिता ने भंवरगढ़ पुलिस थाने में आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### दुष्कर्मी मामा को 20 साल की कैद

**अजमेर।** जिले की एक अदालत ने नाबालिग बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास और 24 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मुंह बोले मामा द्वारा नाबालिग बच्ची को हवस का शिकार बनाया था। दरअसल केकड़ी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बच्ची शौच के लिए गई थी, जो देर रात तक घर नहीं लौटी। लगभग 2 महीने बाद आरोपी के कब्जे से बालिका को दस्तयाब किया गया। पीड़िता ने बयानों में बताया कि आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

---

**पुनर्विकसित डकनिया तलाव स्टेशन पर मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं**

# रेलवे स्टेशन की निखरेगी सूरत, विकास कार्यों पर 132.20 करोड़ होंगे खर्च

■ अक्टूबर 2024 तक निर्माण कार्यों पूर्ण करने का लक्ष्य

बेधड़क | कोटा

देशभर के रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित कर विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे की ओर से जिले के डकनिया तलाव रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास की योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। इस कार्य में 132.20 करोड़ खर्च होंगे। इसे अक्टूबर 2024 तक तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि डकनिया तलाव रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन के 4860 वर्गमीटर में फ्रंट साइड स्टेशन भवन और 2840 वर्गमीटर में रियर साइड स्टेशन भवन का निर्माण किया जाएगा। स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मो को जोड़ने वाली 36 मीटर चौड़ा कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया जाएगा। स्टेशन पर टिकट काउंर, वीआईपी लाउंज, वेटिंग रूम, फूड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगी। यहां आगमन और प्रस्थान की अलग अलग व्यवस्था रहेगी।

वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए 9 लिफ्ट एवं 9 एस्कलेटर का प्रावधान किया गया है। ये पूरा



स्टेशन दिव्यांग फ्रेंडली होगा तथा पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जाएगा और साथ ही सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य में सर्वे और टोपोग्राफी का कार्य कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त फ्रंट स्टेशन और रियर स्टेशन भवन तथा पार्सल स्टेशन भवन के लिए फाउण्डेशन और खुदाई का कार्य कर लिया गया है। इसके साथ ही रिले एवं पैनल रूम का कार्य प्लिंथ लेवल तक कर पूर्ण कर लिया गया और कॉलम कास्टिंग का काम चल रहा है।

पुनर्विकसित डकनिया तलाव स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

### ये है काम की रफ्तार

रिले और पैनल रूम का लिंटेल लेवल तक कंक्रीट कास्टिंग का काम पूरा हो गया है। लिंटेल के ऊपर कॉलम का काम प्रगति पर है। वहीं इलेक्ट्रिक सब स्टेशन पर लिंटेल लेवल तक कंक्रीट कास्टिंग का काम पूरा हो गया है। लिंटेल के ऊपर कॉलम का काम प्रगति पर है।

### यूं निखर रहा है डकनिया तलाव स्टेशन

मुख्य स्टेशन बिल्डिंग का नींव खुदाई का काम पूरा हुआ। पीसीसी, फुटिंग कास्टिंग का कार्य प्रगति पर है। कॉलम निर्माण एवं कंक्रीटिंग का कार्य प्रगति पर है। इधर, रियर स्टेशन नींव की खुदाई, पीसीसी का काम पूरा हो गया है। वहीं फुटिंग कास्टिंग प्रगति पर है। कॉलम निर्माण एवं कंक्रीटिंग का कार्य प्रगति पर है। उधर प्लेटफार्म नंबर 1ए - नए प्लेटफार्म के लिए मिट्टी का कार्य प्रगति पर है। प्रीकास्ट कोपिंग वॉल प्रीकास्ट कोपिंग वॉल की कास्टिंग चल रही है।

### निर्माण में स्टेशन डिजायन मानकों का रखा जा रहा है ध्यान

स्टेशन पर पार्सल कार्यालय का काम भी चल रहा है। इसके लिए नींव खुदाई का काम पूरा हुआ है। पीसीसी का कार्य प्रगति पर है। डकनिया तलाव स्टेशनों को पुनर्विकसित करते समय स्टेशन डिजाइन के मानक तत्वों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

**गुड न्यूज: मुख्यमंत्री ने किए 9.18 करोड़ मंजूर, 100 कॉलेजों से जल्द शुरुआत**

# अब सरकारी कॉलेज स्टूडेंट्स को भी मिलेगा कैम्पस प्लेसमेंट का मौका

बेधड़क |जयपुर

निजी कॉलेजों व संस्थानों की तरह अब प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को भी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपनी प्रोफेशनल यात्रा शुरू करने का मौका मिलेगा। सरकार ने सरकारी कॉलेजों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर स्टूडेंट्स को बेहतर जॉब का प्लेटफॉर्म कॉलेज में ही मुहैया कराने की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना के लिए 9.18 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति जारी की। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट सुविधा योजना के दिशा-निर्देशों के प्रारूप का अनुमोदन भी किया। इसके साथ ही इस योजना के जमीन पर उतरने का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्ताव के अनुसार प्रथम चरण में 100 राजकीय कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत महाविद्यालयों में कम से कम वर्ष में दो बार कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किए जाएंगे। कैंपस प्लेसमेंट से पूर्व विद्यार्थियों को प्री प्लेसमेंट के माध्यम से सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होने के साथ ही जॉब मिलने में आसानी होगी।



## छोटे कस्बों तक पहुंचेंगे एम्प्लॉयर्स

इस योजना का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि प्रदेश के छोटे कस्बों में स्थित राजकीय कॉलेजों के स्टूडेंट्स को शुरुआती जॉब हासिल करने का अवसर उनके कॉलेज में ही मिल सकेगा। अभी इन कॉलेजों से पासआउट होने वाले स्टूडेंट्स को जॉब की तलाश में शहरों की ओर भागना पड़ता है। इसके अलावा जिन स्टूडेंट्स को जॉब नहीं भी मिलेगा उनके लिए इस प्रक्रिया के दौरान मिली सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग जॉब सर्चिंग में बहुत काम की होगी। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC), राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (NCL) पुणे, राष्ट्रीय जैव विज्ञान केंद्र बंगलुरु एवं सेबी के साथ समन्वय कर स्टूडेंट्स का स्किल डवलपमेंट किया जाएगा।

## इन चरणों की करवाएंगे तैयारी

- स्किल इवैल्युएशन: विभिन्न एग्जाम्स के जरिए स्टूडेंट की डोमेन एक्सपर्टीज, कम्युनिकेशन स्किल्स, क्वांटिटिव एटीट्यूड आदि को जांचा जाता है।
- ग्रुप डिस्कशन: स्टूडेंट के थॉट प्रोसेस, पर्सनल व ग्रुप प्रेजेन्टेशन स्किल्स, स्ट्रेस मैनेजमेंट व सिचुएशन को हैंडल करने की क्षमता की परख होती है।
- टैक्नीकल इंटरव्यू: डोमेन नोलेज, अपनी स्किल्स को प्रैक्टिकली यूज करने का कौशल, प्रोग्रामिंग स्किल्स, रियल वर्ल्ड में ज्ञान का उपयोग करने की क्षमता की जांच होती है।
- एचआर इंटरव्यू: कंपनी के वर्क कल्चर के साथ मिलकर काम करने के जुनून, सीखने की क्षमता, कोर व सॉफ्ट स्किल्स आदि को परखा जाता है।

## Yuva स्टोरीज




**स्टूडेंट्स ने दिखाई लाजवाब स्किल्स |**
**जयपुर।** रामबाग चौराहा स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में चल रहे इंटर स्कूल इवेंट में गुरुवार को स्टूडेंट्स की बहुमुखी प्रतिभा देखने को मिली। 'कल्चरल यूनिटी इन इंडिया' थीम पर आयोजित इवेंट में गुरुवार को हुए कवर पेज डिजाइनिंग कॉम्पिटिशन में कक्षा छह से आठ के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसमें सुबोध पब्लिक स्कूल प्रथम, जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल सेकंड व कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल थर्ड पोजिशन पर रहे। इंडियन फोक फ्यूजन में जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल के स्टूडेंट्स फर्स्ट, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल सेकंड व ब्राइटलैंड स्कूल थर्ड रहे। पेंट विदाउट ब्रशेज इवेंट में कक्षा 9 ने पार्टिसिपेट किया। इसमें प्रथम स्थान वर्धमान श्री कल्याण इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय टैगोर इंटरनेशनल स्कूल व थर्ड सुबोध पब्लिक स्कूल को मिला। प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने सभी विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में शामिल सीमा मिश्रा शालिनी माथुर, अमित जोशी, नीलम नाजिया व नीलू कनवारिया शामिल थे । शनिवार को आई एम फनी (स्टैंड अप कॉमेडी), स्विंग स्क्वायड (डांस) और कैंडिड क्लिक (फोटोग्राफी) कॉम्पिटिशन होंगे।

**12 लाख का जटिल ऑपरेशन मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में हुआ निशुल्क|** **जयपुर।** एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने प्लाज्मा सेल ल्यूकोमिया नामक ब्लड कैंसर से जूझ रही 47 वर्षीय धौलपुर निवासी महिला राधा बंसल को इस जटिल बीमारी से निजात दिलाने में सफलता प्राप्त की है। मरीज राधा का पूरा इलाज चिरंजीवी योजना के तहत किया गया है। हॉस्पिटल के सीनीयर हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. आशीष वर्मा के निर्देशन में हुए इस सफल इलाज में मरीज को पहले तीन साईकिल कीमो थैरेपी देकर बीमारी को कंट्रोल किया गया, इसके बाद बोनमेरो ट्रांसप्लांट किया गया। करीब तीन सप्ताह तक भर्ती रहने के बाद मरीज को डिस्चार्ज किया गया एवं अब वह पूरी तरह बीमारी से उबर चुकी है। डॉ. आशीष वर्मा ने बताया कि यह एक तेजी से बढने वाला हड्डियों का कैंसर होता है जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि मरीज के इलाज की शुरुआत मे वह स्ट्रेचर पर आया था अब इलाज के बाद वह स्वस्थ होकर अपने पैरों पर डिस्चार्ज हो रहा है। इस इलाज में अमूमन 12 लाख रुपए तक खर्च आता है लेकिन चिरंजीवी योजना में इसे पूर्णतया निशुल्क किया गया।



**ईकोन-2023 प्री कार्यशाला आयोजित**

## मिर्गी निदान में नई EEG तकनीक होगी कारगर



बेधड़क |जयपुर

महात्मा गांधी अस्पताल, इंडियन एपीलेप्सी एसोसियेशन और एपीलेप्सी एसोसियेशन जयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी में 'ईकॉन-2023' की ईईजी व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शामिल सौ से अधिक चिकित्सकों को देश के ख्यातनाम 8 विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एमेरिट्स चेयरपर्सन डॉ. एम एल स्वर्णकार ने कहा कि मिर्गी एवं मस्तिष्क रोग की पहचान के लिए ईईजी की नई तकनीक का प्रयोग कर रोग के निदान, दवा अथवा ऑपरेशन के चयन से मिर्गी रोगियों को राहत मिलेगी।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए न्यूरोलोजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर के सुरेका ने कहा कि ईईजी रूटीन, कम्प्यूटर से एनालॉग से रिकॉर्ड स्टोरेज में मदद मिली है। एम्बूलेटरी ईईजी से 24 घण्टे का रिकॉर्ड एकत्रित किया जाता है एवं वीडियो ईईजी तीन से चार दिन तक की जाती है जो सर्जरी निर्धारित करने में सहायक होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. बी एस शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. के राधाकृष्णन, डॉ. सी बी राठौड़, डॉ. आत्मा राम बंसल, डॉ. बी बेगना, प्रो वाइस चांसलर डॉ. वी के कपूर, डॉ. जी एन सक्सेना, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. अंजनी शर्मा, डॉ. भावना शर्मा सहित विभिन्न न्यूरोलोजिस्ट एवं न्यूरो सर्जन्स ने भाग लिया।

**इनीशिएटिव: RU में पहली बार छात्रनेताओं की डिबेट**

# लीडर्स बोले... कैम्पस में हो मुद्दों की राजनीति

बेधड़क | जयपुर



आमतौर पर पोस्टर्स के जरिए ही अपनी बात स्टूडेंट्स तक पहुंचाने वाले राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रनेता इस बार खुद छात्रों से रूबरू हुए। राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार छात्रसंघ चुनाव से पहले छात्र नेताओं की डिबेट का आयोजन किया गया। 20 से अधिक छात्र नेताओं ने डिबेट में अपने अब तक किए गए काम और यूनिवर्सिटी को लेकर अपना विजन साझा किया। डीएसडब्ल्यू नरेश मलिक ने पहली बार यह इनीशिएटिव लेते हुए विवेकानंद पार्क में इस डिबेट का आयोजन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय द्वारा की गई नई पहल को सराहा। संवाद कार्यक्रम में छात्र नेताओं ने अपना विजन बताया तो यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनसे अपनी अपेक्षाएं बताईं। प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र राजनीतिक गतिविधियों को संयमित और अनुशासन की सीमा में रहकर संचालित किये जाने पर जोर दिया।

डीएसडब्ल्यू नरेश मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान स्नातकोत्तर की सेमेस्टर परीक्षाएं संचालित होने जा रही हैं। यूजी और पीजी प्रवेश की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसे देखते हुए छात्र राजनीति से जुड़ी गतिविधियों को निर्धारित दायरे में रखकर एक बेहतर माहौल का संदेश दिए जाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय में अनावश्यक रूप से छात्रों को आंदोलित करने से छात्र प्रतिनिधियों को दूर रहना चाहिए। छात्रनेताओं ने भी मुद्दों की राजनीति पर बल दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय की दीवारों को प्रचार सामग्री से बदरंग करने, वोटिंग पर्सन्टेज, छात्रसंघ पदाधिकारियों के अधिकार, प्लेसमेंट जैसे मुद्दे छाए रहे। डिबेट में यूनिवर्सिटी के साथ ही संघटक कॉलेज छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## यह बोले छात्र नेता

"चुनाव के बाद पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में चले जाते है। मुझे मौका मिला तो छात्र हितों में वर्ष भर कार्य करूंगा। छात्रों और शिक्षकों के साथ मिलकर विवि में शिक्षा का माहौल बनाएंगे।

**-विजयपाल कुड़ी,** छात्र नेता

"मैं गर्ल्स हॉस्टल में सेनेटरी नैपकिन मशीन लगाए जाने, छात्रावासों में कमर्शियल वॉशिंग मशीन, वित्तीय गतिविधियों की जानकारी छात्रों से साझा करने की मांग करता हूं। छात्रसंघ अध्यक्ष को एकेडमिक काउंसिल, सिंडिकेट बैठक में शामिल किया जाए जिससे छात्र हितों की बात प्रशासन के समक्ष रखी जा सके।

**-हरफूल चौधरी,** छात्र नेता

"पूरे प्रदेश में निःशुल्क उच्च शिक्षा व हॉस्टलों के खाने की गुणवत्ता और सुविधाओं के लिए मैं मांग करता रहा हूं। अगर छात्र मुझे मौका देते हैं तो विश्वविद्यालय को बाहरी लोगों से पूर्ण रूप से मुक्त कर वास्तविक शिक्षा का मंदिर बनाऊंगा। स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट के लिए काम करूंगा।

**-मनमोहन शर्मा,** छात्र नेता

"छात्र संघ चुनाव को स्वच्छता के साथ लड़ेंगे। कैम्पस में किसी भी प्रकार का पोस्टर या बैनर नहीं लगाएंगे और लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के अनुसार चुनाव में शामिल होंगे।

**-अक्षय सिंह,** एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष

"छात्रसंघ चुनाव जीतने के बाद विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से हरा भरा रखने, ला कॉलेज के छात्रो को सेंट्रल लाइब्रेरी में प्रवेश देने और छात्रों की फीस कम करने को लेकर काम करेंगे।

**-रुगनाथ बिश्नोई**

"विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं की समस्या को लेकर मैंने हमेशा संघर्ष किया है। छात्रसंघ चुनावों के बाद विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से समाधान निकालेंगे।

**-विकाश घोसल्या**

**विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 6000 स्टूडेंट्स ने लिया एडमिशन**

## ओरिएंटेशन के साथ 26 जुलाई को होगा नए सेशन का आगाज




बेधड़क |जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नए सेशन का आगाज 26 जुलाई को ओरिएंटेशन सेरेमनी के साथ होगा। नवीन सत्र 2023-24 में नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के साथ स्टूडेंट्स को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में दोहरी डिग्री प्रोग्राम प्रदान किया जाएगा। पहली बार स्टूडेंट्स एक साथ दो डिग्रियों के लिए पढ़ाई कर दो डिग्री हासिल कर सकेंगे। इस बार 6 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने वीजीयू में चलने वाले विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन लिया है। इनमें देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों के छात्र भी शामिल हैं। राजस्थान, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और झारखंड से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। इस वर्ष इंजीनियरिंग के नए उभरते क्षेत्र जैसे एआई, एमएल, रोबोटिक्स, क्लाउड टेक्नोलॉजी व डेटा साइंस के साथ साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं प्रबंधन के नामांकन में खासी बढ़ोतरी हुई है। स्टूडेंट्स में डिजाइन व अलाइड हेल्थ केयर जैसे सब्जेक्ट्स को लेकर भी उत्साह देखने को मिला है।

### माइनर विषय में भी मिलेगी डिग्री

वीजीयू के अध्यक्ष प्रो. विजयवीर सिंह ने बताया कि वीजीयू ड्यूअल डिग्री के अलावा माइनर विषय में भी डिग्री प्रदान कर रहा है। विद्यार्थी अपने स्ट्रीम के बाहर एक माइनर विषय का चयन विश्वविद्यालय द्वारा दिए दस विषयों में से कर सकता है। इसके अलावा वीजीयू ने एनईपी के अनुरूप कोर्स कॅरिकुलम डिजाइन किया है जिसमें इंटर डिसिप्लिनरी, ट्रांस डिसिप्लिनरी, एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्सेज, स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज और वैल्यू एडेड कोर्सेज को 50 प्रतिशत व कोर कोर्स को 50 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। इसके साथ ही स्टूडेंट्स के विकास के लिए इस बार 27 स्टूडेंट क्लब्स बनाए गए हैं जिनका संचालन स्टूडेंट ही करेंगे। स्टूडेंट्स में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ का सीड फण्ड भी बनाया गया है।

## समझीं अंतरिक्ष की अवधारणाएं

बेधड़क |जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने गुरुवार को अंतरिक्ष की अवधारणाओं को समझा। कॉलेज के भौतिक शास्त्र विभाग में आईआईआरएस- इसरो के सहयोग से इसरो के अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत इसरो के विशेषज्ञों ने छात्राओं को अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न तथ्यों की जानकारी दी। 'स्टार्ट' प्रशिक्षण कार्यक्रम में इसरो द्वारा कानोड़िया कॉलेज को नोडल सेन्टर बनाया गया है। कार्यक्रम के ऑनलाइन उद्घाटन के बाद पहले दिन डॉ. तीर्थ प्रतिम दास ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयास पर व्याख्यान दिया।

**कैम्पस न्यूज** | **31 जुलाई से 14 अगस्त तक शुरू हो जाएगा फर्स्ट सेमेस्टर**

# IIT में तीन साल बाद इस बार समय पर शुरू होगी पढ़ाई

बेधड़क | जयपुर/कोटा

देश के सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटीज की पढ़ाई 3 साल बाद पटरी पर आई है। कोविड-19 के बाद इस वर्ष आईआईटीज में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई जुलाई-अगस्त से शुरू होने जा रही है।

इससे पूर्व 2019 तक आईआईटी का पहला सेमेस्टर जुलाई या अगस्त के मध्य तक शुरू हो जाता था लेकिन कोविड के चलते गत तीन वर्षों में शेड्युल प्रभावित हो रहा था। शेड्युल में देरी होने से पहले सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित रहती थी। कम समय मिलने से विद्यार्थियों को पहले सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी में परेशानी होती थी। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जोसा द्वारा रिपोर्टिंग डेट जारी करने के साथ ही सभी आईआईटीज ने प्रथम सेमेस्टर शुरू होने का शेड्युल बुधवार को जारी कर दिया है।

आईआईटी दिल्ली व मद्रास में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई सबसे पहले 31 जुलाई से शुरू होगी। इसके बाद 2 अगस्त से आईआईटी रूड़की व रूपट, 3 अगस्त से जोधपुर, 4 अगस्त से हैदराबाद, 7 अगस्त को बॉम्बे, खड़गपुर, भिलाई व जम्मू, 8 अगस्त को वाराणसी, धनबाद व धारवाड़, 9 अगस्त को इंदौर व तिरुपति, 10 अगस्त को कानपुर, गुवाहाटी, पटना व भुवनेश्वर, 14 अगस्त को आईआईटी मंडी, पलक्कड़ व गोवा तथा सबसे अंत में 28 अगस्त को आईआईटी गांधीनगर में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू होगी।




### पांचवें राउण्ड का आवंटन आज

देश के आईआईटी व एनआईटी सहित 116 कॉलेजों की 57 हजार से अधिक सीटों के लिए जारी जोसा काउंसलिंग के पांचवें राउण्ड का सीट आवंटन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थी पांचवे राउण्ड की सीट आवंटन के बाद 24 जुलाई तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर सकते हैं।

### ये रहेगा फिजिकल रिपोर्टिंग शेड्यूल

आहूजा ने बताया कि जोसा काउंसलिंग के छठे राउण्ड के सीट आवंटन के बाद विद्यार्थियों को आवंटित आईआईटी में फाइनल प्रवेश के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। जोसा द्वारा सभी आईआईटी की फिजिकल रिपोर्टिंग की तिथियां जारी कर दी गई है। आईआईटी बॉम्बे में 31 जुलाई से 4 अगस्त, आईआईटी दिल्ली में 28 जुलाई, कानपुर व पलक्कड़ में 8 अगस्त, मद्रास में 29 से 31 जुलाई, खड़गपुर में 1 से 3 अगस्त, गुवाहाटी, गांधीनगर व जोधपुर में 31 जुलाई, रुड़की व इंदौर में 1 अगस्त, हैदराबाद व भिलाई में 2 अगस्त, बीएचयू में 7 अगस्त, रूपड़ 30 जुलाई, धनबाद, मंडी व तिरुपति में 5 अगस्त, पटना में 4 अगस्त, भुवनेश्वर में 5-6 अगस्त, धारवाड़ में 3-4 अगस्त, गोवा में 11 अगस्त व जम्मू में 31 जुलाई से 1 अगस्त के बीच स्टूडेंट्स को फिजिकल रिपोर्टिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। दिए गए समय में फिजिकल रिपोर्टिंग नहीं करने पर विद्यार्थियों को आवंटित सीट कैंसिल कर दी जाएगी।

परसेप्शन की लड़ाई में विपक्ष को बढ़त

# एकता-गठबंधन की नेट प्रैक्टिस



कृष्ण प्रताप सिंह
स्वतंत्र टिप्पणीकार




आगामी लोकसभा चुनाव के सिलसिले में केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके विपक्षी दलों ने अपने-अपने शक्तिसंवर्धन के लिए एकता और गठबंधन के जो प्रयास आरंभ किये हैं, फिलहाल, उन्हें नेट प्रैक्टिस से ज्यादा नहीं माना जा सकता। उनकी बिना पर चुनाव के मुद्दों और एजेंडों के बारे में बहुत आश्वस्त होकर कोई दावा करना भी अभी गलत सिद्ध होने का खतरा उठाने से कम नहीं है। क्योंकि दोनों पक्षों के गठबंधनों के अपने अपने अंतर्विरोध हैं और निष्ठा व पाला बदल के खेलों के घटाटोप में किसी को नहीं मालूम कि आसमान साफ होने तक कौन किस खेमे में होगा।

फिलहाल, विपक्षी गठबंधन (जिसने अपने लिए 'इंडिया' नाम चुना है) ने अपने सामूहिक संकल्पपत्र में कहा है कि वह देश और उसके संविधान को भाजपा की तानाशाही से बचाने के लिए वैकल्पिक राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक एजेंडा पेश करेगा और जीता तो उसकी सरकार द्वारा फैलाई गई नफरत का खात्मा कर ज्यादा लोकतांत्रिक व सहभागी शासन देगा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तेवर से साफ है कि वे अपनी दस साल पुरानी रीति-नीति में (जिसका सारा जोर अपने विरोधियों पर आक्रामक रहकर उन्हें खलनायक और खुद को नायक बनाने के खास तरह का परसेप्शन बनाकर लाभ उठाने पर रहता आया है) कोई बदलाव नहीं करने वाले।

हम जानते हैं कि निकटवर्ती अतीत में ये परसेप्शन उनके बड़े काम की चीजें रहे हैं, अब, लेकिन बदले हुए माहौल में उनके लिए सबसे बुरी खबर यही है कि इन परसेप्शनों की लड़ाई में विपक्ष उन्हें पछाड़ता दिखने लगा है। संभवतः उसने समझ लिया है कि बिना परसेप्शन की लड़ाई जीते वह उनके तिलिस्म को नहीं ही भेद पायेगा। परसेप्शन की लड़ाई का पहला मोर्चा तो उसने अपने नाम से ही जीत लिया है-मुकाबले को भाजपानीत एनडीए बनाम विपक्षनीत इंडिया बनाकर। अब भला कौन और कैसे कहेगा कि चुनाव में इंडिया नहीं जीतेगा? स्वाभाविक ही भाजपा यह कहकर भी इस नाम की आलोचना नहीं कर पा रही कि वह गरीबों के भारत के बजाय अमीरों के इंडिया से जुड़ा हुआ है। इसलिए कि यह आलोचना की गाज पलटकर प्रधानमंत्री के प्रिय डिजिटल इंडिया, स्मार्ट इंडिया, मेक इन इंडिया और खेलो इंडिया आदि नामों पर जा गिरती है- अटल के राज तक जायें तो शाइंनिंग इंडिया पर भी। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर सवाल पूछे जा रहे हैं कि अब प्रधानमंत्री 'वोट फॉर इंडिया' का आह्वान कैसे करेंगे? उनके फायरब्रांड मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ऐसे ही 'इंडिया के असम' के बजाय 'भारत के असम' के चीफ मिनिस्टर नहीं हो गये हैं।

जिस पर भाजपा को अजेय और खुद को 'एक अकेला सब पर भारी' कहने वाले मोदी (जिन्होंने भाजपा के केन्द्र में अपने बूते बहुमत पाने के बाद के वर्षों में उसके भरपूर विस्तार के लिए एनडीए को उसके हाल पर छोड़ दिया था और कई राज्यों में भाजपा को उसके घटक दलों के लिए संकट बना दिया था-इस कदर कि कई घटक परेशान होकर गठबंधन छोड़ गये थे) के अचानक इंडिया के मुकाबले एनडीए के नवीकरण में कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा की तर्ज पर उसके घटकों की संख्या बढ़ाने में लग जाने से भी यही परसेप्शन बन रहा है कि उन्होंने अपनी कमजोरी स्वीकार ली है। एक विपक्षी नेता के अनुसार एनडीए के दो दर्जन घटक दलों के पास एक भी सांसद नहीं है, सात के पास सिर्फ एक-एक और दो के पास दो-दो। इनमें भी क्या पता कितने प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाइयों के डर से उनके साथ हैं।

> *भाजपा को अजेय और खुद को 'एक अकेला सब पर भारी' कहने वाले मोदी (जिन्होंने भाजपा के केन्द्र में अपने बूते बहुमत पाने के बाद के वर्षों में उसके भरपूर विस्तार के लिए एनडीए को उसके हाल पर छोड़ दिया था और कई राज्यों में भाजपा को उसके घटक दलों के लिए संकट बना दिया था-इस कदर कि कई घटक परेशान होकर गठबंधन छोड़ गये थे) के अचानक इंडिया के मुकाबले एनडीए के नवीकरण में कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा की तर्ज पर उसके घटकों की संख्या बढ़ाने में लग जाने से भी यही परसेप्शन बन रहा है कि उन्होंने अपनी कमजोरी स्वीकार ली है।*

गजब यह कि इसके बावजूद वे एनडीए को देश के लिए आदर्श बताते हैं और विपक्षी गठबंधन को ऑफ द फेमिली, फॉर द फेमिली और बाई द फेमिली, साथ ही भ्रष्टाचार व परिवारवाद का गठबंधन बताते हैं! वरिष्ठ सम्पादक व पत्रकार श्रवण गर्ग की मानें तो इससे भी उनके आत्मविश्वास खो देने का ही पता चलता है और वे जुगत में हैं कि 2024 में भाजपा हार जाये तो यह हार उनकी या उसकी हार से ज्यादा एनडीए की मानी जाये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अंग्रेजी मुखपत्र 'आर्गनाइजर' तो पहले ही कह चुका है कि अब चुनाव जीतने के लिए मोदी का करिश्मा और हिन्दुत्व काफी नहीं रह गये हैं। तिस पर बात इतनी-सी ही नहीं है। एक परसेप्शन इससे भी बन रहा है कि विपक्ष का जो हिस्सा बंगलुरु में उपस्थित नहीं था और जो कई बार तीसरे मोर्चे वगैरह की चर्चा कर विपक्षी एकता में पलीता लगाया करता था, अब उसने भी वेट ऐंड वाच की रणनीति अपना ली है और अपने पत्ते न खोलकर एनडीए की सांस अटकाए हुए है। फिलहाल, एक बसपा नेता मायावती ही हैं, जिन्होंने दोनों गठबंधनों की नीति, नीयत व सोच पर सवाल उठाये हैं और दोनों से दूर रहने का निश्चय किया है।

> *एनडीटीवी इंडिया के उस सर्वे से बनने वाला परसेप्शन भी 'इंडिया' के ही पक्ष में हैं कि 85 प्रतिशत देशवासी मानते हैं कि वह एनडीए को हरा सकता है। तिस पर कांग्रेस मुकाबले को राहुल बनाम मोदी बनाकर भी एनडीए की मदद करने को तैयार नहीं है। उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कह दिया है कि देश को भाजपा से मुक्त कराने के प्रयास में उसको सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं है।*

एनडीटीवी इंडिया के उस सर्वे से बनने वाला परसेप्शन भी 'इंडिया' के ही पक्ष में हैं कि 85 प्रतिशत देशवासी मानते हैं कि वह एनडीए को हरा सकता है। तिस पर कांग्रेस मुकाबले को राहुल बनाम मोदी बनाकर भी एनडीए की मदद करने को तैयार नहीं है। उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कह दिया है कि देश को भाजपा से मुक्त कराने के प्रयास में उसको सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। आम आदमी पार्टी से अपने खराब रिश्तों को भी वह विपक्षी एकता की बाधा नहीं बनने दे रही। इसके चलते दक्षिणपंथी बुद्धिजीवी आर. जगन्नाथन तक को लगने लगा है कि विपक्ष के एकता-प्रयास मजाक उड़ाने लायक नहीं हैं। इस बाबत वे एक शिकारी और कुत्ते की कहानी सुनाते हैं। शिकारी और उसका कुत्ता दोनों एक हिरन को पकड़ने में जी-जान लगा देने के बावजूद सफल नहीं हो पाये, तो शिकारी ने कुत्ते से इसका कारण पूछा। कुत्ते का जवाब था, 'मैं तो अपने मालिक के उस मजे के लिए दौड़ रहा था, जो उसे शिकार करने में आता है। लेकिन हिरन अपनी जिन्दगी बचाने के लिए दौड़ रहा था। इसलिए उसकी रफ्तार का कोई ठिकाना नहीं रह गया था।'

किसे नहीं मालूम कि उस हिरन की ही तरह 2024 का लोकसभा चुनाव विपक्ष के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है। भाजपा ने उसे अन्दर-बाहर दोनों से तोड़ने के लिए पार्टी और सरकार का फर्क मिटा डाला है। सरकार प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी अपनी एजेंसियों को हथियार बनाकर तो भाजपा इन एजेंसियों के जाये डर की मार्फत अनैतिक तोड़फोड़ मचाकर। शायद यह तोड़फोड़ उसके लिए 'हारे को हरिनाम' है क्योंकि मोदी सरकार को अपने काम के बूते वापसी की उम्मीद नहीं रह गई है। उसके पहले कार्यकाल में जो भी अभियान या योजनाएं शुरू हुई थीं, दूसरे कार्यकाल के उसके विवादित फैसलों में खो गई हैं-स्वच्छता अभियान, कालेधन की वापसी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्मार्टसिटी और मेक इन इंडिया सब।

रही-सही कसर भीषण महंगाई ने पूरी कर दी है और 'हिन्दू-मुस्लिम' करके उससे ध्यान हटाने की तमाम कोशिशों के बावजूद सत्ताविरोधी रूझान और ऐंटीइन्कम्बैंसी बनी हुई हैं। उस 'कमजोर' विपक्ष को भला और क्या चाहिए जो पुलवामा कांड को लेकर पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक आदि के सरकारी राष्ट्रवादी इमोशनल अत्याचारों का शिकार हो गया था और अब अपनी पीठ की गर्द झाड़कर मुकाबले को तैयार है। उसकी तैयारी का ही असर है कि प्रधानमंत्री के अपने दस सालों में पहली बार 'निवेदन' किया है कि उनसे गलती हो सकती है, लेकिन उनकी नीयत पर शक न किया जाये। उनके कहने का एक अर्थ यह भी है ही कि उन्हें साफ दिख रहा है कि लोग अब उनकी नीयत पर शक करने लगे हैं, जबकि किसान आन्दोलन से लेकर पहलवानों के आन्दोलन और मणिपुर में हिंसा तक के प्रेत लगातार उनका पीछा करते आ रहे हैं। ये सारे परसेप्शन लम्बे खिंचे तो 'इंडिया' की राह बहुत आसान कर देंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## आज की राजनीति के कुछ यक्ष प्रश्न



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

महाभारत के यक्ष संवाद को थोड़ा वर्तमान राजनीतिक महाभारत के एंगल से देखते हैं। यक्ष जो है सो है, पर उत्तर देने वाला 'आज की राजनीति' का युधिष्ठिर है।

यक्ष ने पहला प्रश्न किया- 'चुनावों में मनुष्य का कौन साथ देता है?'

युधिष्ठिर- 'अधैर्य ही मनुष्य का साथ देता है। धैर्य रखने के चक्कर में कई बार टिकट हाथ से चला जाता है।'

यक्ष- 'यश-लाभ का एकमात्र उपाय क्या है?'

युधिष्ठिर- 'दान तो कतई नहीं। हां, भरपूर राजनीतिक चंदा उगाहने से यश-लाभ की प्राप्ति अवश्य होती है।'

यक्ष- 'हवा से भी तेज चलने वाला कौन है?'

युधिष्ठिर- 'मन से भी तेज और आगे चलता है, भ्रष्टाचार। इसलिए मेरी नजर में हवा से भी तेज भ्रष्टाचार दौड़ता है।'

यक्ष- 'परदेस जाने वाले का कौन साथी होता है?'

युधिष्ठिर- 'सरकार द्वारा दिया जाने वाला फोरेन ट्रेवल अलाउंस परदेस का साथी होता है।'

यक्ष- 'किसे त्याग कर मनुष्य प्रिय हो जाता है?'

युधिष्ठिर- 'ईमानदारी त्याग कर मनुष्य सबका प्रिय हो जाता है।'

यक्ष- 'किस चीज के छूट जाने पर दुख नहीं होता?'

युधिष्ठिर- 'क्रोध को तो कतई नहीं छोड़िए। हां, इस क्रोध को राजनीतिक आक्रोश में बदल सकें तो बेहतर...।'

यक्ष- 'किस चीज को गंवा कर मनुष्य धनी बनता है?'

युधिष्ठिर- 'नैतिकता गंवा कर... और लोभ-लालच को गले लगा कर...।'

यक्ष- 'ब्राह्मण होना किस बात पर निर्भर है? जन्म पर, विधा पर, शील स्वभाव पर?'

युधिष्ठिर- 'बदकिस्मती पर...। उसके जन्म, विधा और शील स्वभाव से वह पिछड़े वर्ग में नहीं गिना जाता। आरक्षण में ब्राह्मण यानी सवर्ण और योग्यता की कोई जगह नहीं है।'

यक्ष- 'कौनसा एकमात्र उपाय है, जिससे जीवन सुखी हो सकता है?'

युधिष्ठिर- 'बुरा स्वभाव ही सुखी होने का उपाय है। क्योंकि बुरे भाव रखने वाला ही घोटाले करने में लाज-शर्म ताक पर धर सकता है।'

यक्ष- 'धर्म से बढ़कर संसार में और क्या है?'

युधिष्ठिर- 'धर्म को राजनीति से जोड़ कर कराए गये दंगे धर्म से बढ़ कर हैं।'

यक्ष- 'कैसे व्यक्ति के साथ की गई मित्रता कभी पुरानी नहीं पड़ती?'

युधिष्ठिर- 'दलबदलू व दुर्जनों के साथ की गई मित्रता...। ऐसे लोग राजनीति में कभी भी काम आ सकते हैं।'

यक्ष- 'इस जगत में आश्चर्य क्या है?'

युधिष्ठिर- 'रोज लाखों-करोड़ों के घोटाले नेता कर रहे हैं। फिर भी प्रजा चाहती है कि यही नेता हमारे लोकतंत्र के सारथी बने रहें, इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता है।'

इस प्रकार यक्ष ने कई प्रश्न किए और आज की राजनीति में रचे-बसे युधिष्ठिर ने सब प्रश्नों के माकूल जवाब दिये। अंत में यक्ष बोला- 'राजन, मैं तुम्हारे मृत भाइयों में से किसी एक को जिला सकता हूं। तुम जिसे कहो वह जीवित हो जाएगा।'

युधिष्ठिर ने तुरंत कहा- 'यह निर्दलीय जीवित हो उठे।'


चकित यक्ष बोला- 'अपनी पार्टी के शक्तिशाली नेता को छोड़ कर तुम ने इस निर्दलीय को जिलाना क्यों ठीक समझा!'

युधिष्ठिर बोला- 'महाराज, राजनीति में मनुष्य की रक्षा सिर्फ अपनी पार्टी के शक्तिशालियों से ही नहीं होती। कभी-कभी सत्ता बचाने के लिए निर्दलीय के वोट से संख्या बल पूरा होता है। इसलिए, उसका जीवित होना मेरे लिए बहुत जरूरी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में से सत्ता की ओर से मैं जीवित बचा हूं। मैं चाहता हूं कि विपक्ष का एक वह नेता भी जीवित रहे। दरअसल, जिसे आप निर्दलीय कह रहे हैं, वह हमारी पार्टी का ही बागी है।'

अब यक्ष क्या बोलते। उन्होंने चुप रहना ही बेहतर समझा।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
पीएम की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है, हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं, शांति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
जोधपुर में भयानक गैंग रेप के बाद तीन आरोपियों को महज दो घण्टे में गिरफ्तार कर लिया गया था, वहीं भाजपा को मणिपुर की शर्मनाक घटना में सिर्फ एक आरोपी को पकड़ने में 77 दिन लग गए।



**लालू प्रसाद यादव,** पूर्व मुख्यमंत्री
@laluprasadrjd
मणिपुर में लोकतंत्र, लोकलाज, विश्वास, संस्कृति, सौहार्द, संवाद और मानवता का सरेआम कत्ल हो रहा है।



**स्मृति ईरानी,** केंद्रीय मंत्री
@smritiirani
मणिपुर से आया 2 महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भयावह वीडियो निंदनीय और सर्वथा अमानवीय है, जांच अभी चल रही है, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए पूर्ण प्रयास किया जाएगा।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
चमत्कार घटित होने की प्रतीक्षा न करें, सबसे बड़ा चमत्कार जीवन ही है।

**नॉलेज कॉर्नर:** आपातकाल के दौरान स्थापित किया गया नगर

# योजनाबद्ध तरीके से बसाया शहर नोएडा

इस संसार के सात महाद्वीपों में कई शहर है। इनमें से कई शहरों का इतिहास किसी राजा तो किसी अन्य व्यक्तियों के नाम से जुड़ा है। बात करें भारत की तो यहां के अधिकतर शहरों का इतिहास किसी न किसी मुगल वंश के शासक या राजाओं से संबंधित है। मगर इस देश में एक नगर ऐसा भी है जिसे सुनियोजित तरीके से बसाया गया था। इस शहर का नाम है, नोएडा... जो कि राजधानी दिल्ली सटा हुआ है, यह उत्तरप्रदेश का सबसे नवीन शहर है। जिसे योजनाबद्ध तरीके से स्थापित किया था। देखते ही देखते यह शहर इतना विकसित हो गया कि मानव जीवन से जुड़ी प्रत्येक सुविधाएं यहां आसानी से मिल जाती है। यही कारण है कि अन्य राज्यों तथा शहरों के लोग भी पलायन कर इस नगर की ओर बढ़ रहे हैं। इसका आधिकारिक नाम गौतम बुद्ध नगर है।

### आधुनिकता का नमुना यह शहर

नोएडा का पूरा नाम नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण है। 203 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस नगर की जनसंख्या करीब 5 लाख है। उत्तरप्रदेश और दिल्ली की सीमा पर स्थित यह शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा है। यहां बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल, मीडिया हाउसेज तथा फिल्म सिटी भी है। इस शहर में कई फिल्मों की शूटिंग भी की जाती है। आधुनिकता से जुड़ी सभी सुविधाएं महज चार कदम की दूरी पर उपलब्ध हो जाती हैं। यह विभिन्न सेक्टरों में




विभाजित किया गया है। दिल्ली मेट्रों की सुविधा से नोएडा पहुंचा जा सकता है, यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन गौतम बुद्ध नगर है। इसके अलावा शहर में फैला सड़कों का जंजाल किसी भी व्यक्ति को पहली बार में असमंजस में डाल सकता है।

### नोएडा का इतिहास

नोएडा का इतिहास केवल 47 वर्ष पुराना है, इसे 17 अप्रैल 1976 को बसाया गया था। इसलिए हर वर्ष 17 अप्रैल को नोएडा दिवस मनाया जाता है। जब देश में वर्ष 1975 से 1977 तक आपातकाल लगा, उस दौरान इस शहर को स्थापित किया गया था। दरअसल इसे शहरीकरण पर जोर के तहत बसाया गया था, जिसे कांग्रेस नेता संजय गांधी की पहल पर उत्तरप्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम के तहत बनाया गया था। इस शहर में रहने वाले व्यक्ति की प्रति व्यक्ति आय अधिक होने के कारण इसे देश के सबसे अमीर शहरों में गिना जाता है। देश के प्रमुख समाचार पत्रों द्वारा इसे वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ शहर का खिताब दिया गया था। नोएडा में प्रमुख आईटी, आईटीईएस, बीपीओ, बीटीओ सहित कई कंपनिया संचालित की जाती हैं।

### मीडिया तथा शिक्षण का मुख्य केंद्र

*इस शहर में नामी-गिरामी शिक्षण संस्थानों से लेकर प्रमुख मीडिया संस्थान मौजूद हैं। वर्ष 2015 में एक न्यूज चैनल द्वारा इसे संपूर्ण भारत में आवास की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ शहर का दर्जा दिया गया। नोएडा को भारतीय मनोरंजन उद्योग के केंद्र के रूप में जाना जाता है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### 'आम आदमी पार्टी की आतिशी ने मणिपुर घटना पर भाजपा पर साधा निशाना

# 'पीएम के पास विदेश यात्रा पर जाने का वक्त, लेकिन मणिपुर का नहीं'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराने की घटना को गुरुवार को 'भयावह' बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पास विदेश यात्रा पर जाने का तो वक्त है, लेकिन संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य जाने के लिए उनके पास समय नहीं है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दिल्ली की महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास मणिपुर जाने का समय नहीं था। उन्होंने 19 मई को जापान, 21 मई को पापुआ गिनी, 22 मई को ऑस्ट्रेलिया, 20 जून को अमेरिका और फिर फ्रांस और यूएई का दौरा किया, लेकिन वह मणिपुर नहीं गए। यहां तक कि मणिपुर से आया एक प्रतिनिधिमंडल भी उनका इंतजार करता रहा, लेकिन वह उनसे नहीं मिले।" उन्होंने कहा कि ये वीडियो न सिर्फ भयानक है, बल्कि दिल दहला देने वाला है। महिलाओं के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसे पूरे देश ने देखा। यह जानवरों के साथ किए जाने वाले व्यवहार से भी बदतर था, लेकिन भाजपा हिंसा के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। 'आप' नेता ने दावा किया कि एक महिला ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उसकी परेड कराई गई और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, लेकिन वहां मौजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा पर हमला करते हुए आतिशी ने आरोप लगाया कि पार्टी ऐसे लोगों से भरी पड़ी है जो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उन्होंने कुलदीप सिंह सेंगर और बृजभूषण शरण सिंह जैसे कुछ नेताओं का नाम भी लिया।



### आप ने बीजेपी को बताया 'बृजभूषण जनता पार्टी'



भाजपा को 'बृजभूषण जनता पार्टी' करार देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि हिंसा प्रभावित मणिपुर में दो महिलाओं को कथित रूप से निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और उनकी पहचान में देरी को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि 'आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बारे में बात की और कहा कि वह बहुत क्रोध से भरे हुए हैं। मणिपुर करीब 77 दिन से हिंसा का गवाह रहा है। आखिर उन्हें अपना क्रोध जाहिर करने में इतना लंबा वक्त क्यों लगा?' कक्कड़ ने कहा 'एक महिला के तौर पर मैं हर किसी से प्रधानमंत्री को टैग कर घटना को लेकर सवाल पूछने का अनुरोध करती हूं। केंद्र को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

### पीएम से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने की कथित घटना की निंदा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। भगवंत मान ने गुरुवार को ट्वीट किया कि इस प्रकार की घटनाओं को 'हमारे समाज में बर्दाश्त नहीं' किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जी से अपील करता हूं कि इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त और मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई होनी चाहिए। इसी घटनाक्रम में शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भी मणिपुर में हुई घटना की निंदा की।

### वित्त मंत्री आज से असम और त्रिपुरा के दौरे पर



**गुवाहाटी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार से असम और त्रिपुरा के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगी। वित्त मंत्री गुवाहाटी में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान करने को लेकर एक अलंकरण समारोह में भाग लेंगी। समारोह में सीबीआईसी के 29 अधिकारियों और कर्मचारियों को द प्रेसिडेंसियल अवार्ड ऑफ एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार की घोषणा इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर की गई थी। समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा और सीबीआईसी के अध्यक्ष विवेक जौहरी भी शामिल होंगे।

### पार्टी ने टिकट दिया तो चुनाव लड़ूंगा: चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो संरक्षक और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने गुरुवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी उन्हें टिकट देगी तो वह 2024 में होने वाला राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौन चुनाव नहीं लड़ना चाहता? अगर मेरी पार्टी टिकट देगी तो मैं निश्चित रूप से चुनाव लड़ूंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जींद के उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना पसंद करेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके पोते और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कर रहे हैं तो 88 वर्षीय ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि किस विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना है, यह मेरा काम नहीं है। मेरी पार्टी तय करेगी कि किसे कहां से चुनाव लड़ना चाहिए।

### मणिपुर कांड: विपक्ष एक सुर में केंद्र सरकार से मांग रहा है जवाब

# इंफाल से दिल्ली तक उबाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपुर मामले को लेकर देशभर में उबाल है। पिछले कई महीनों से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर से सामने आए वीडियो ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। इस वीडियो में दो महिलाओं की पिटाई करने के बाद निर्वस्त्र कर घुमाते हुए दिखाया गया है। इस घटना को लेकर जहां इंफाल से लेकर दिल्ली तक आक्रोश दिखाई दे रहा है,वहीं केंद्र सरकार के खिलाफ पूरा विपक्ष एक सुर में मणिपुर की घटना पर जवाब मांग रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई राजनीतिक दल के नेताओं ने मणिपुर की घटना को लेकर घोर निंदा की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मणिपुर की घटना को लेकर कहा कि मोदी सरकार और भाजपा ने राज्य के नाजुक सामाजिक ताने-बाने को नष्ट कर लोकतंत्र और कानून के शासन को भीड़तंत्र में बदल दिया है। खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी भारत आपकी चुप्पी को कभी माफ नहीं करेगा। अगर आपकी सरकार में जरा भी विवेक बचा है, तो आपको संसद में मणिपुर के बारे में बोलना चाहिए और केंद्र और राज्य दोनों में अपनी दोहरी अक्षमता के लिए दूसरों को दोष दिए बिना, देश को बताना चाहिए कि क्या हुआ? खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं। उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर की घटना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पीएम क्यों चुप हैं? पीएम की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है।



### ऐसी घटना सभ्यता का चीरहरण: अखिलेश

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मणिपुर की घटना को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश ने कहा कि यह घटना बताती है कि मणिपुर में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से हमारी सभ्यता का चीरहरण होता दिख रहा है। केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है और पीएम को इस घटना पर देश को जवाब देना चाहिए।

### मणिपुर में डबल इंजन सरकार, फिर क्यों जल रहा: जदयू

**पटना।** जदयू ने केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद यह पूर्वोत्तर राज्य दो महीने से अधिक समय से जल रहा है। वायरल हो रहे मणिपुर के एक वीडियो को लेकर जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यह इस देश की मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना है। मणिपुर में 56 - 56 इंच सीने वाली डबल इंजन की सरकार की छत्रछाया में राज्य के शोषित, वंचित और गरीब तबके को पैरों तले रौंदा जा रहा है। महिलाओं पर अत्याचार की सारी हदें लांघ दी गई हैं, फिर भी देश के 56 इंच सीने वाले तथाकथित शेर चुप बैठे हैं, आखिर क्यों ?

### फिल्मी हस्तियों ने भी जताया विरोध

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार, संजय दत्त व अभिनेत्री कियारा आडवाणी और उर्मिला मातोंडकर ने मणिपुर की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए इसके दोषियों को कठोर सजा दिए जाने की मांग की है। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि वह मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का वीडियो देखकर 'स्तब्ध और निराश' हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मुझे उम्मीद है कि दोषियों को इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि कोई फिर ऐसी खौफनाक हरकत करने की सोच भी न सके। साल 2020 में शिवसेना में शामिल हुईं उर्मिला ने कहा कि यह स्तब्ध करने वाला है कि मई में हुई घटना पर अधिकारियों द्वारा 'कोई कार्रवाई' नहीं की गई। कियारा आडवाणी ने कहा कि वह प्रार्थना कर रही हैं कि महिलाओं को जल्द से जल्द इंसाफ मिले। अभिनेता संजय दत्त ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा वाला वीडियो हिला देने वाला और दर्दनाक है। अभिनेता कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, जिससे यह स्पष्ट संदेश मिले कि इस तरह की हरकत को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### राहुल मणिपुर का दौरा कर सकते हैं तो पीएम क्यों नहीं: तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मणिपुर की घटना की निंदा करते हुए और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों नहीं कर सकते। तेजस्वी ने पत्रकारों से कहा कि मणिपुर में जो घटना हुई है वह बेहद निंदनीय है। यह शर्मनाक है कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा क्योंकि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कहां हैं, उन्होंने अब तक राज्य का दौरा क्यों नहीं किया? उन्होंने मणिपुर पर अब तक चुप्पी क्यों साध रखी? अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर का दौरा कर सकते हैं तो प्रधानमंत्री क्यों नहीं जा सकते? तेजस्वी ने कहा, 'मणिपुर जल रहा है। निर्दोष बच्चे मारे जा रहे हैं। किसानों, नागरिकों की पीट-पीट कर हत्या की जा रही है, महिलाओं को पीटा या जिंदा जला दिया गया, लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया और उन्हें नग्न घुमाया गया, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया, एक समुदाय दूसरे समुदाय पर हमला कर रहे हैं, दंगाई खुलेआम राइफल लहरा रहे हैं, विपक्षी नेताओं और सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने क्यों नहीं हस्तक्षेप किया ?

### मणिपुर पर सरकार से जवाब मांगेगा 'इंडिया'



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियों के नेताओं ने संसद की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले बैठक कर सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की और मणिपुर हिंसा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मणिपुर में मानवता मर गई है। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, '26 पार्टियों वाले 'इंडिया' की मांग बिल्कुल स्पष्ट है। प्रधानमंत्री को संसद के दोनों सदनों में मणिपुर में हुए भयावह और दुखद घटनाक्रम पर बयान देना चाहिए और फिर इसके बाद चर्चा होनी चाहिए।

### TMC ने BJP पर साधा निशाना

**कोलकाता।** टीएमसी ने मणिपुर घटना पर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। टीएमसी ने कहा कि स्वतंत्र भारत की 'सबसे भयावह और बर्बर' घटनाएं मणिपुर में ही हो रही हैं। तृणमूल ने आरोप लगाया कि भगवा खेमे ने पूर्वोत्तर राज्य में हुई इस घटना को 'दबाने' की कोशिश की। तृणमूल के प्रवक्ता साकेत गोखले ने ट्वीट कर कहा, "मणिपुर के मुख्यमंत्री का दावा है कि महिलाओं पर यौन उत्पीड़न के बारे में उन्हें अभी पता चला है, जबकि मणिपुर पुलिस का कहना है कि एफआईआर तब ही दर्ज कर ली गई थी जब घटना ढाई महीने पहले चार मई को हुई थी। क्या मणिपुर के पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री गंभीर कानून और व्यवस्था के मुद्दों पर एक-दूसरे से संवाद नहीं करते?

### चुप्पी कोई विकल्प नहीं है: सीएम

**आइजोल।** मणिपुर घटना पर मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने कहा कि ऐसा लगता है कि पड़ोसी राज्य में स्थिति 'बिगड़' गई है और उन्होंने मामले में फौरन कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुप्पी कोई विकल्प नहीं है। जोरमथांगा ने एक बयान में कहा कि वह सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को देखकर स्तब्ध हैं और इसने उन्हें झकझोर दिया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मणिपुर में क्रूर हिंसा न केवल पड़ोसी राज्य पर बल्कि पूरे देश पर असर डालती है। ऐसा लगता है कि हालात बिगड़ गए हैं। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने कहा कि चुप्पी कोई विकल्प नहीं है। मैं फौरन शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने का आह्वान करता हूं। मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह फौरन शांति बहाल करने के तरीके तलाश करें।

### महिला पहलवान उत्पीड़न मामला

# बृजभूषण को मिली नियमित जमानत

**एजेंसी** | नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गुरुवार को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर की जमानत अर्जी भी मंजूर कर ली।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल सिंह ने कहा कि कुछ शर्तों के साथ 25,000 रुपए के एक मुचलके पर जमानत मंजूर करता हूं। अदालत ने आरोपी को अनुमति के बगैर देश से बाहर न जाने और मामले में गवाहों को कोई प्रलोभन न देने का भी निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद के खिलाफ 15 जून को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग करना), 354ए(यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना) और 506 के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। न्यायाधीश ने आरोपियों के वकीलों, अभियोजन और शिकायतकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# प्रियंका गांधी आज रैली को करेंगी संबोधित



**ग्वालियर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा केंद्रीय मंत्री और पार्टी के पूर्व नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के गृह क्षेत्र ग्वालियर में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी की पिछले 40 दिन में मध्य प्रदेश की यह दूसरी यात्रा है। प्रदेश में इस साल की अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रियंका गांधी 11 बजे ग्वालियर पहुंचेंगी और फिर रानी लक्ष्मीबाई के स्मारक पर जाएंगी, जहां वह महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देंगी। उन्होंने बताया कि प्रियंका गांधी पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे मेला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगी।

# मंत्री बालाजी की याचिका पर सुनवाई आज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के 14 जुलाई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमत हो गया है। ये याचिकाएं मंत्री बालाजी एवं उनकी पत्नी मेगाला की ओर से दाखिल की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायधीश पी. एस. नरसिम्हा, मनोज मिश्रा की पीठ ने मंत्री एवं उनकी पत्नी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की उन दलीलों पर संज्ञान लिया कि अगर इस पर तत्काल सुनवाई नहीं की गई तो मुद्दा निरर्थक हो सकता है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रहार

# 'जिम्मेदारी भरे पदों पर बैठे बेईमानों ने खोखला किया उत्तर प्रदेश का तंत्र'

**एजेंसी** | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर भ्रष्ट लोगों को जिम्मेदारी भरे पदों पर बैठाकर तंत्र को खोखला करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि सभी अधिकारी राज्य के विकास में सबसे बड़े बाधकों-भ्रष्टाचार, जातिवाद और भेदभाव पर बड़ा प्रहार करने के लिए तैयार हों। मुख्यमंत्री ने यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए चयनित 22 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा पिछड़ा नहीं था, लेकिन पिछली सरकारों ने भ्रष्ट और बेईमान लोगों को विभिन्न पदों पर बैठाया जो प्रदेश को खोखला करने में लगे रहे। आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार को विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए अधिकारियों से कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए वे तैयार रहें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, जातिवाद तथा भेदभाव विकास के सबसे बड़े बाधक हैं, सभी अधिकारी इन पर बड़ा प्रहार करने के लिए तैयार हों। सभी अधिकारी सामान्य नागरिक के लिए जितना संवेदनशील बनेंगे, उतना ही उनके भविष्य के लिए अच्छा होगा।



### नियुक्ति प्रक्रिया में कोई भेदभाव नहीं

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नियुक्ति की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद तथा भाई-भतीजावाद नहीं किया गया। उनका कहना था कि विगत छह वर्षों में प्रदेश के सभी चयन आयोगों और बोर्डों द्वारा प्रत्येक नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। आदित्यनाथ ने कहा कि छह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन अब यह प्रदेश पहचान के संकट से उबरा है और विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आम नागरिकों की शासन से अपेक्षा पूरी करने के वाहक के रूप में कार्य करना है।

### अधिकारी अहंकार मुक्त होकर कार्य करें

सीएम योगी ने कहा कि यदि लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हुए सही तरीके से सभी नव चयनित अधिकारी अहंकार मुक्त होकर कार्य करें तो वे अच्छे अधिकारी के रूप में सामने आएंगे और सम्मान के हकदार बनेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सामान्य नागरिक के लिए जितने संवेदनशील बनेंगे, उतना ही आपके भविष्य के लिए अच्छा होगा।

### जरूरतमंद के इलाज के लिए धन की कमी नहीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके सरकार के पास जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां मेदांता अस्पताल में कैंसर यूनिट का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि कैंसर पीड़ित हो या कोई अन्य जरूरतमंद, हर किसी के इलाज के लिए डबल इंजन की सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत या फिर मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से इलाज के लिए धन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के जरूरतमंद को इलाज के लिए धनराशि उपलब्ध करा रही है ताकि उपचार के अभाव में किसी की मौत न हो। उनका यह भी कहना था कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हर वर्ष पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि मेदांता नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए अब कैंसर के उन मरीजों का इलाज करेगा जो लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि इसकी स्थापना से कैंसर के मरीजों को मुंबई या दिल्ली जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि और विधायक भी अपनी निधि से मरीजों के इलाज के लिए 20 से 25 लाख रुपए सालाना सहायता दे सकते हैं, आज इलाज के लिए पैसे की कमी नहीं है, लेकिन गुणवत्ता पर स्वास्थ्य सुविधा मिलना जरूरी है।

## जरूरी खबर

### सारा अली खान ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



**श्रीनगर।** अभिनेत्री सारा अली खान ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अधिकारियों ने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा ने बालटाल आधार शिविर से अपनी अमरनाथ यात्रा शुरू की थी। 27 वर्षीय अभिनेत्री सारा बुधवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल जाने वाले रास्ते पर बने सोनमर्ग रिसॉर्ट में रुकीं और थाजीवस ग्लेशियर के अद्भुत नजारों का आनंद लिया। सारा ने स्थानीय बच्चों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई और एक टपरी में चाय भी पी। उन्होंने बाद में इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की तस्वीरें भी साझा की।

### भारतीय पर्वतारोहियों ने रच दिया इतिहास

**किश्तवाड़/जम्मू।** भारतीय पर्वतारोहियों के एक समूह ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 6,416 मीटर की ऊंचाई पर स्थित 'माउंट ब्रम्हा-1' शिखर पर चढ़कर इतिहास रच दिया। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। किश्तवाड़ शहर के पूर्व और हिमाचल प्रदेश की सीमा के पास स्थित माउंट ब्रम्हा-1 पर्वत चुनौतीपूर्ण और कठिन चढ़ाई के लिये जानी जाती है। इसे करीब पांच दशक पहले ब्रिटिश पर्वतारोही क्रिस बोनिंगटन ने पहली बार फतह किया था। इस पर्वत श्रृंखला में पश्चिम से पूर्व तक चार चोटियां - ब्रम्हा-1, फ्लैट टॉप, ब्रम्हा-2 और अर्जुन-1 शामिल है, जिसमें ब्रम्हा-2 सबसे ऊंचा है।

### चीतों की मौतों में वृद्धि से शीर्ष अदालत चिंतित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से कूनो राष्ट्रीय उद्यान (मध्य प्रदेश) में लाये गए चीतों में से 40 प्रतिशत की एक साल से भी कम समय में मौत हो जाना सही तस्वीर पेश नहीं करता। साथ ही, केंद्र से इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाने और इस वन्य जीव को अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना तलाशने को कहा। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने चीतों की मौत पर चिंता जताई तथा इसके कारणों और इसके निवारण के लिए कि गए उपायों की विस्तार से जानकारी देते हुए केंद्र से एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

## जैन समाज ने रैली निकाल जताया विरोध




*जबलपुर। जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या को लेकर पूरे देशभर में जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में जैन समाज ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे और रैली निकाली। इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों को राष्ट्रपति एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं एवं बुजुर्ग सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। -पीटीआई*

## देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे संघ प्रमुख भागवत



**मिर्जापुर (उप्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को शक्तेशगढ़ आश्रम में स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का दर्शन करने के बाद शाम को देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे और उन्होंने हनुमान जी की पूजा कर 76 मन लड्डू चढ़ाया। देवरहा बाबा आश्रम के प्रबंधक अतुल कुमार सक्सेना ने बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शक्तेशगढ़ आश्रम (चुनार) पहुंचकर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मुलाकात की और पूजा स्थल का दर्शन किया। सक्सेना ने बताया कि बाद में भागवत देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे और उन्होंने प्रभु हनुमान की पूजा की। प्रबंधक के अनुसार संघ प्रमुख ने साथ ही हनुमानजी को 76 मन का लड्डू चढ़ाया। एक मन आमतौर पर 40 किलोग्राम के बराबर होता है।

**सीएम एकनाथ शिंदे ने घटनास्थल का दौरा कर लिया जायजा**

# महाराष्ट्र के रायगढ़ में भूस्खलन से 16 की मौत, 21 को बचाया

एजेंसी | रायगढ़

महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के दूर दराज एक के अदिवासी बहुल गांव में आए भूस्खलन में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 17 घर पूरी तरह तबाह हो गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में 21 लोगों को बचाया गया है। बुधवार रात करीब 11 बजे मुंबई से लगभग 80 किमी दूर खालापुर तहसील के इरशालवाड़ी गांव में तेज बारिश के चलते भूस्खलन आया था। स्थिति का जायजा लेने सीएम एकनाथ शिंदे गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे थे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम से बात करके राहत कार्य की जानकारी ली। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, 'महाराष्ट्र के रायगढ़ में तेज बारिश से हुए भूस्खलन के संबंध में मैंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बात की। एनडीआरएफ की चार टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और स्थानीय प्रशासन के साथ बचाव कार्यों में जुटी है। लोगों को वहां से निकालना व घायलों को तुरंत उपचार देना हमारी प्राथमिकता है।'



### 50 में से 17 घर भूस्खलन में दबे

इरशालवाड़ी एक आदिवासी गांव है जहां पक्की सड़क नहीं है। मुंबई-पुणे राजमार्ग पर चौक गांव निकटतम शहर है। गांव में लगभग 50 घर हैं, जिनमें से 17 भूस्खलन में दब गए हैं। पड़ोसी ठाणे से भी बचाव दल भी मौके पर भेजे गए हैं। यह गांव मोरबे बांध से छह किमी दूर है, जो नवी मुंबई को पानी की आपूर्ति करता है। यह माथेरान और पनवेल के बीच स्थित इरशालगढ़ किले के पास स्थित है और यह किला प्रबलगढ़ का एक सहयोगी किला है। 30 जुलाई, 2014 को पुणे जिले की अंबेगांव तहसील के मालिन गांव में हुए भूस्खलन के बाद यह महाराष्ट्र में सबसे बड़ा भूस्खलन है। भूस्खलन की उस घटना में लगभग 50 परिवारों वाले पूरे आदिवासी गांव में तबाही मच गई थी और मरने वालों की अंतिम संख्या 153 बताई गई थी।

### स्कूलों में दो दिन की छुट्टी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के कुछ तालुकाओं के पहाड़ी क्षेत्र में रात भर हुई भारी बारिश के कारण स्थानीय प्रशासन ने गुरुवार से इन क्षेत्रों के स्कूलों में दो दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। जिला कलेक्टर राजेश देशमुख ने उन स्कूलों के लिए दो दिन की छुट्टी का आदेश जारी किया जो पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित हैं। बयान में बताया गया है कि अंबेगांव, खेड़, जुन्नार, भोर, पुरंदर, मुलशी और मावल तालुका में कुल 355 स्कूल बंद रहे और शुक्रवार को भी बंद रहेंगे।

### पालघर में तीन की मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। जिले में तीन दिन से भारी बारिश हो रही है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया के तीन अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। जिले के वसई में बाढ़ में फंसे 80 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। इस बीच, बीएमसी (बृहन्मुंबई महानगरपालिका) के एक अधिकारी ने बताया कि घाटकोपर के बटवाड़ी इलाके में भूस्खलन के बाद 100 लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है।

### मौसम खराब होने के कारण NDRF ने रोका राहत एवं बचाव अभियान

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी में भूस्खलन के बाद खराब मौसम के कारण राहत एवं बचाव कार्य रोक दिया। राहत एवं बचाव अभियान रोके जाने के बारे में एक अधिकारी ने कहा कि लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन के खतरे तथा अंधेरा होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य बंद कर दिया है।अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की चार टीम तथा अन्य कर्मी कल शुक्रवार को सुबह पांच बजे राहत एवं बचाव अभियान पुन: शुरू करेंगे।

### हिमाचल प्रदेश: बाढ़ के कारण किन्नर कैलाश यात्रा स्थगित

**शिमला/रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला और किन्नौर जिलों में गुरुवार को अचानक आई बाढ़ से सड़कें अवरुद्ध हो गईं और खेतों तथा वाहनों को नुकसान पहुंचा। इससे अधिकारियों को किन्नर कैलाश यात्रा स्थगित करनी पड़ी। हिमाचल प्रदेश राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, पहाड़ी राज्य में मानसून की शुरुआत के बाद से बारिश से जुड़ी घटनाओं जैसे भूस्खलन, अचानक बाढ़ और सड़क दुर्घटनाओं में 131 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे राज्य को 4,985 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। किन्नौर के उपायुक्त (डीसी) तारुल एस रवीश ने कहा कि किन्नौर में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और बादल फटने से 27 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सांगला घाटी के कामरू पंचायत में कृषि भूमि जलमग्न हो गई। डीसी ने कहा कि खराब मौसम के कारण किन्नर कैलाश यात्रा को अस्थायी रूप से 15 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह यात्रा आमतौर पर एक अगस्त को कल्पा से शुरू होती है। यात्रा किन्नौर जिले में 6,050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित किन्नर कैलाश शिखर पर समाप्त होती है। राज्य में भारी बारिश के कारण निचार उपमंडल और सांगला तहसील के सभी स्कूल तीन दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। किन्नौर के डीसी ने कहा कि जिले में 25 जुलाई तक हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है ।

**डेरा प्रमुख पर सरकार मेहरबान**

## राम रहीम फिर 30 दिन की पैरोल पर आया जेल से बाहर

एजेंसी | चंडीगढ़



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख एवं बलात्कार का दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह 30 दिन की पैरोल मिलने के बाद गुरुवार को हरियाणा के रोहतक जिला स्थित सुनारिया जेल से बाहर आया। वकील जितेन्द्र खुराना ने बताया कि राम रहीम उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम जाएगा। डेरा सच्चा सौदा का मुख्यालय हरियाणा के सिरसा में है। राम रहीम ने पैरोल के इस्तेमाल के लिए अस्थायी रिहाई की अर्जी थी। वह अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार के अपराध में 20 साल जेल की सजा काट रहा है। इससे पहले, राम रहीम को इस वर्ष जनवरी में 40 दिन की पैरोल दी गई थी। पिछले वर्ष अक्टूबर में भी उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। इन दोनों अवसरों पर वह बरनावा आश्रम ही गया था और वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उसने कई सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए थे। वह गत वर्ष जून में भी एक महीने की पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इसके अलावा वह सात फरवरी 2022 से तीन सप्ताह के लिए 'फरलो' पर भी जेल से बाहर आया था। राम रहीम की पैरोल की शर्तों में कहा गया है कि वह 30 दिन की नियमित पैरोल के दौरान बरनावा के आश्रम में ही रहेगा तथा इस अवधि के दौरान 'रिलीज वारंट' में निर्दिष्ट स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना नहीं जाएगा।

**सुरक्षा को ध्यान में रख लिया फैसला**

## बाढ़: गुरुद्वारा दरबार साहिब की यात्रा स्थगित

**चंडीगढ़/गुरदासपुर (पंजाब)।** पंजाब में गुरदासपुर जिला प्रशासन ने रावी नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि के मद्देनजर करतारपुर गलियारे के रास्ते पाकिस्तान में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दरबार साहिब तक की यात्रा को गुरुवार को तीन दिन के लिए स्थगित कर दिया। गुरदासपुर के उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में स्थित सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव की समाधि गुरुद्वारा दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले में स्थित डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। जम्मू की उझ नदी में बुधवार को 2.60 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अग्रवाल ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से भी पानी बहकर करतारपुर गलियारे और 'दर्शन स्थल' के पास आ गया है।

**विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा...**

# 'हाई कोर्ट जज चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा कराने का कोई प्रस्ताव नहीं'

एजेंसी | नई दिल्ली



विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि उनकी नियुक्ति संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार की जा रही है। विधि मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं जिनमें न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 1,114 है और एक जुलाई की स्थिति के अनुसार 333 पद खाली हैं। मेघवाल ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रक्रिया का अनुसरण किया जा रहा है। मंत्री से पूछा गया था कि क्या सरकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रतियोगी परीक्षा कराने पर उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने की योजना बना रही है। मेघवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेदों 124, 217 और 224 के तहत की जाती है।

### अदालती कामकाज की भाषा को अंग्रेजी से हिंदी करने का कोई प्रस्ताव नहीं

सरकार ने गुरुवार को कहा कि अदालती कामकाज की भाषा को अंग्रेजी से बदलकर हिंदी करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर पूछे गए एक प्रश्न के तहत एक सदस्य ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि क्या सरकार का अदालती कामकाज की भाषा को अंग्रेजी से बदलकर हिंदी करने का प्रस्ताव है ताकि आम आदमी न्यायिक कार्यवाही को अपनी भाषा में समझ सके? इसके जवाब में मेघवाल ने कहा, 'नहीं'। अप्रैल 2022 में भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने कहा था कि देश के संबंधित उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं में काम शुरू करने के संदर्भ में 'कुछ बाधाएं' हैं, किंतु उन्होंने यह भी उम्मीद जतायी थी कि कृत्रिम मेधा (एआई) सहित वैज्ञानिक नवोन्मेष की सहायता से इस मुद्दे का 'निकट भविष्य में समाधान' निकाल लिया जाएगा।

### 'समान नागरिक संहिता पर नए सिरे से करेंगे विचार-विमर्श

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की 'प्रासंगिकता और उसके महत्व' तथा इस मामले पर अदालत के विभिन्न आदेशों के कारण इस मुद्दे पर नए सिरे से विचार-विमर्श शुरू किया है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 21वें विधि आयोग ने 31 अगस्त, 2018 को 'परिवार कानून में सुधार' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, उसने इस विषय पर कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी थी। मेघवाल ने कहा कि चूंकि उक्त परामर्श पत्र जारी करने की तारीख से चार साल से अधिक समय बीत चुका है, इसलिए 22 वें विधि आयोग (वर्तमान पैनल) ने विषय की प्रासंगिकता और महत्व और समान नागरिक संहिता के विषय पर विभिन्न अदालती आदेशों को ध्यान में रखते हुए 14 जून, 2023 को बड़े पैमाने पर जनता और धार्मिक संगठनों के विचार और विचार मांगने का फैसला किया।'' समान नागरिक संहिता के तौर-तरीकों के बारे में एक अन्य सवाल के जवाब में मेघवाल ने कहा कि चूंकि विधि आयोग इस स्तर पर विचार-विमर्श कर रहा है, इसलिए इस स्तर पर तौर-तरीकों का सवाल ही पैदा नहीं होता। पिछले हफ्ते विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर जनता से अपने विचार भेजने की समय सीमा 28 जुलाई तक बढ़ा दी थी और कहा था कि भारी प्रतिक्रिया और सुझाव देने के लिए और समय मांगने के कई अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया है।

## जयपुर में लीजेंड सिंगर्स मुकेश और मोहम्मद रफी के फैन क्लब हैं खास

# बिल्डिंग ही नहीं गीतों का गुलदस्ता भी सजाते हैं आर्किटेक्ट-इंजीनियर

विजय सिंह | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी में सिंगर्स की कोई कमी नहीं है, लेकिन कुछ इन सबसे हटकर हैं। वे वर्षों से गाना तो गा रहे हैं, लेकिन उनकी पहचान गायक की न होकर एक आम इंसान, सरकारी ऑफिसर, डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन और सोशल वर्कर की ज्यादा है। यह न केवल जयपुर में, बल्कि देश भर कई शहरों में सिंगिंग करके अपना टैलेंट दिखा चुके हैं। ये ऐसे क्लबों से जुड़े हैं, जो अपने आप में खास हैं। ये क्लब बॉलीवुड के महान सिंगर मो. रफी, मुकेश आदि के फैन हैं और इनको समय-समय पर ट्रिब्यूट देते रहते हैं। उन्हीं की आवाज और अंदाज में यह सिंगिंग करके अपना टैलेंट दर्शाते हैं। शनिवार को भी जग में रह जाएंगे 'प्यारे तेरे बोल...' कार्यक्रम में मुकेश को याद किया जाएगा। 100वीं जन्म तिथि पर गायक कलाकार स्व. मुकेश को उनकी ही आवाज में फिर से जिंदा करने की कोशिश होगी।

## ■ जयपुर सहित देश के कई शहरों में सिंगिंग करके दिखा चुके हैं अपना टैलेंट

### ये गीत गाते हैं सिंगर

'फूल तुझे भेजा है खत में... किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार... क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो...' जैसे सदाबहार गीत ये गाते हैं। इससे ही जयपुराइट्स प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश को श्रद्धांजलि देंगे। मुकेश फैंस क्लब जयपुर की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शनिवार शाम 6:45 बजे 'जग में रह जाएंगे.... प्यारे तेरे बोल' कार्यक्रम में ये सिंगर आवाज देंगे।

### फिल्मी जीवन और व्यक्तित्व भी करते हैं साझा

इसमें आर्किटेक्ट धीरज झामरिया, इंजीनियर किशोर सरावगी, एडवोकेट जय शर्मा, इंजीनियर विनोद गर्ग, मरु कोकिला सीमा मिश्रा और संगीत शिक्षिका ममता झा शामिल हैं। मंच का संचालन अंकिता सोमानी जैन करेंगी। मुकेश के संस्मरण, संगीत यात्रा, फिल्मी जीवन और व्यक्तित्व भी साझा करते हैं। संगीत संचालन गिटार वादक संजय माथुर एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

### मोहम्मद रफी फेन क्लब

ऐसे ही जयपुर में मोहम्मद रफी के फैन क्लब भी खास हैं, जो हर साल उनको अनूठे अंदाज में याद करते हैं। इसमें शामिल कलाकार भी डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवी, गवर्नमेंट ऑफिसर की भूमिका भी अदा करते हैं। अब वे भी रविवार को अपने दूसरे अवतार में नजर आएंगे। इन लोगों का गायक मंच पर होगा और यह मोहम्मद रफी की आवाज को अपने में उतार कर प्रोग्राम प्रस्तुत करेंगे। ये पिछले 42 साल से मोहम्मद रफी की याद में निरंतर प्रोग्राम कर रहे हैं। बिड़ला ऑडिटोरियम में सुपर सिंगर मोहन कुमार बालोदिया का गायक मोहम्मद रफी को उनकी पुण्य तिथि पर स्वरांजलि देने का सिलसिला जारी रहेगा। बालोदिया बताते हैं कि मोहम्मद रफी के निधन के बाद से वो परिस्थिति चाहे कैसी भी हो हर साल रफी की पुण्य तिथि के मौके पर एक कार्यक्रम करते हैं।



### 23 को बिड़ला में होगी संगीत संध्या

पुण्य तिथि हालांकि 31 जुलाई को है, पर इस बार कार्यक्रम 23 जुलाई शाम 6 बजे बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। उन्होंने बताया कि मोहम्मद रफी की याद में पहली संगीत संध्या 31 जुलाई 1980 को उन्होंने एक छोटे से कमरे में आयोजित की थी। उसके बाद इन कार्यक्रमों का सिलसिला जवाहर कला केन्द्र, महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम सहित शहर के कई ऑडिटोरियम में होता हुआ अब पिछले कुछ सालों से शहर के सबसे चर्चित बिड़ला ऑडिटोरियम में चल रहा है। संगीत संध्या का शीर्षक भी हर साल बदल लेते हैं। इस बार 'जनम जनम का साथ है' शीर्षक से कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### ये हैं सिंगर जो प्रस्तुति देंगे

कार्यक्रम में गायिका रश्मि बालोदिया, नागेश भटनागर, राजीव माथुर, कृष्ण कन्हैया मीना, राजीव सक्सेना, बेला माथुर, विधि आचार्य,नीना सक्सेना, मनीषा जैन और निकिता कोका लालवानी विभिन्न एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## बाबा आदिनाथ का अभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ के तत्वावधान में गई 8 दिवसीय बुन्देलखण्ड धार्मिक यात्रा दल के सदस्य यात्रा के दौरान धार्मिक गतिविधियों सहित भगवान महावीर के सिद्धांतों एवं अहिंसा, शाकाहार का प्रचार प्रसार कर करते हुए गुरुवार को सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर पहुंचे। यहां पर पर्वत वन्दना के साथ बड़े बाबा आदिनाथ के अभिषेक किए। संरक्षक सुभाष चन्द जैन, मुख्य संयोजक अमर चंद, दीवान खोराबीसल संयोजक, सुरेश ठोलिया, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष लुहाड़िया, पवन जैन नैनवां के नेतृत्व में बड़े बाबा के मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा तथा महा आरती की गई। इस मौके पर गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी और मुनि पुण्य सागर जी महाराज के आशीर्वचन प्राप्त हुए।

## महाअर्चना महोत्सव आज से

**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं विधानाचार्य पंडित संदीप जैन के निर्देशन में टोंक रोड प्रताप नगर स्थित सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार से पंच दिवसीय मज्जजिनेन्द्र महाअर्चना महोत्सव का शुभारंभ होगा। प्रचार संयोजक सुनील साखुनियां और मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि मुख्य आयोजन अनुष्ठान स्थल पर सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ होगा। अध्यक्ष कमलेश जैन बावड़ी वालो ने बताया कि ध्वजारोहण, मंडप प्रतिष्ठा, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकरण के बाद मंगल कलश की स्थापना कर दीपक स्थापना होगी। आचार्य सौरभ सागर महाराज आशीर्वचन देगे। शाम 6:30 बजे गुरुभक्ति, 7 बजे मंगल आरती और 8 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा।

## सुनीता को बेस्ट लहरिया प्राइज



**बेधड़क. जयपुर।** खण्डेलवाल महिला परिषद की ओर से होटल ग्रांड मैजेस्टिक में लहरिया महोत्सव मनाया गया। खण्डेलवाल महिला परिषद की संस्थापक बीना मेठी ने बताया कि आए हुए सदस्यों का तिलक निकाल कर व फ्रेंडशिप बैंड पहनाकर स्वागत किया गया। सभी महिलाओं ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और समुचित परिधान पहनने के साथ सावन के में पौधे लगाकर और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और कैटवॉक की। बेस्ट लहरिया प्राइज सुनीता पीतलिया ने तथा बेस्ट तीज का प्राइज रितु खण्डेलवाल ने जीता। लक्की ड्रॉ किरण रावत को दिया गया।

## City इवेंट्स

### अंगदान को प्रमोट जागरूकता अभियान




**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी क्लब ऑर्गन डोनेशन और शुभ विचार संस्था जयपुर की ओर से जुलाई माह में जयपुर की विभिन्न जगह पर जाकर लोगों को अंगदान के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन रिटायर्ड आईपीएस हरि प्रसाद शर्मा ने समर्थन दे कर अंगदान को प्रमोट किया। ऑर्गन डोनेशन के सचिव एवं अभियान के संयोजक जीतेन्द्र शर्मा संस्थापक शुभ विचार ने भर्ती आयोग के चेयरमैन हरी प्रसाद शर्मा से मिलकर अंगदान के महत्व एवं चलाए जा रहे अभियान के बारे अवगत कराया गया। इस अवसर पर आयोग के सचिव पुष्पकराज शर्मा भी उपस्थित रहे।

### पार्क में दिखेगा कॉमेडी का रंग

**बेधड़क. जयपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा रविंद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना के तहत शुक्रवार शाम 6:30 बजे हास्य से भरपूर पारिवारिक नाटक पार्क का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक मानव कौल है और निर्देशन युवा रंगकर्मी एवं निर्देशक शिवांकर पांडे का होगा। नाटक में विस्थापन एवं अपमान के आघात को दर्शाया गया है। इसमें तीन लोगों के बीच अपने लिए जगह के लिए लड़ने की कॉमेडी है। एक खास बेंच पर बैठने के लिए उनके तर्क छोटी सी बात से शुरू होकर अंतरराष्ट्रीय बहस तक ले जाते हैं। हल्के फुल्के मजाक से जो शुरू होता है वह स्थान, क्षेत्र और स्वामित्व को लेकर एक गंभीर संघर्ष में बदल जाता है और कहानी आगे बढ़ती है।

### निशुल्क बस से भक्तों ने किए खाटू दर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के लोगों को खाटू श्याम के नि:शुल्क दर्शन कराए गए। इसके लिए जयपुर के युवा मनीष ने पहल करते हुए भक्तों को खाटू की यात्रा कराई। चतुर्थ नि:शुल्क बस सेवा का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे न्यू सांगानेर रोड श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से बस रवाना हुई, जो खाटू पहुंचकर भक्तों को दर्शन कराई। वहां भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। गौरतलब है उन्होंने किसी संस्था के साथ ने जोड़ते हुए लोगों को फ्री बस द्वारा खाटू श्याम ले जाने की व्यवस्था की है। पहली बस 19 अप्रैल को रवाना हुई थी। वे ऐसा अपने पिता की स्मृति में कर रहे हैं और निशुल्क बस की पहल शुरू की है।

## 'व्यापारी टू सीईओ रिट्रीट' कार्यक्रम का उद्घाटन

# छोटे व्यापारी जल्दी पहचान नहीं पाते बाजार के बदलाव



बेधड़क | जयपुर

छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के पास संसाधन सीमित होते हैं, इसलिए वे बाजार के बदलाव को जल्द पहचान नहीं पाते, जबकि बड़ी कंपनियों के सीईओ के पास जानकारियों के कई स्त्रोत होते हैं।

यदि यह सारी जानकारी छोटे व्यापारियों को भी मुहैया कराई जाए तो वह भी बड़े सीईओ बन सकते हैं। यह कहना है बिजनेस और लीडरशिप कोच राहुल मालोदिया का। उन्होंने गुरुवार को टोंक रोड स्थित एक होटल में शुरू हुए चार दिवसीय 'व्यापारी टू सीईओ रिट्रीट' कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। आयोजन में देश भर के 50 शहरों से तकरीबन 300 से ज्यादा व्यापारी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में व्यापारियों को आधुनिक बाजार के अनुसार अपने व्यापार की तरक्की के गुर सिखाए। सत्रों में बाजार के जटिल मुद्दों पर सहजता के साथ चर्चा में बताया कि हर छोटा व्यापारी बड़ा बिजनेसमैन बन सकता है, उसे केवल जागरूक करने की जरूरत है। तकनीकी सत्रों में बताया गया कि ग्लोबलाइजेशन के युग में ग्राहक राजा है तो मार्केटिंग भगवान है। व्यापारियों को आगे बढ़ने के लिए अपने उत्पादों को ब्रांड में तब्दील करना होगा। माइंड रीडर सुहानी शाह ने मैजिक और माइंड रीडिंग से मनोरंजन किया।

## कार्यशाला में दिए मंच प्रबंधन के मंत्र

# योजना बनाकर काम करें तो बनी रहेगी कला की गरिमा



बेधड़क | जयपुर

जयपुर। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर की ओर से कला संसार के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित पार्श्व मंच कार्यशाला का गुरुवार को तीसरा दिन रहा।

कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्टेज मैनेजमेंट विशेषज्ञ सात्विका कंठमनेनी के निर्देशन में थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल टास्क भी कुशलता से पूरे किए। इसमें प्रतिभागियों को कुछ सामान से थोड़ी ही देर में नाटक में काम आने वाली प्रॉपर्टी बनानी थी। कार्यशाला में प्रसिद्ध नाट्यविद एवं राज्यमंत्री रमेश बोराणा और संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष बिनाका जेश मालू ने सात्विका का मोमेंटो से अभिनंदन किया।

कंठमनेनी ने स्टेज प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाटक के रिहर्सल से पहले ही स्टेज मैनेजर को सीन दर सीन की आवश्यकताओं की सूची बना कर निर्देशक से चर्चा कर लेनी चाहिए। प्रत्येक सीन में कौन-कौन से कलाकार होंगे, कौनसे प्रॉप्स इस्तेमाल होंगे, कितना समय लगेगा, यह सब जानकारी स्टेज मैनेजर को होनी चाहिए। अगर आप पहले से ही योजना बना कर काम करते हैं तो कलाकार की और कला की गरिमा बिना किसी अप्रिय स्थिति के बनी रह सकती है।

## युवा कबड्डी समर एडिशन | मैसूर के चामुंडी विहार स्टेडियम में हुए मैच

# पेरियार पैंथर्स का साउथ में 'हल्ला बोल', सेकंड रहे

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के युवा एक बार फिर देश भर में छा गए। साउथ में हुए मुकाबलों में उन्होंने राजस्थान का मान बढ़ाया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेकंड पोजीशन हासिल की। यह थे युवा कबड्डी प्लेयर्स को प्रोफेशनल मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हुए स्पोर्टिंग टूर्नामेंट 'युवा कबड्डी सीरीज' के पांचवें एडिशन में मुकाबला करने वाले प्रदेश के खिलाड़ी।

मैसूर के चामुंडी विहार स्टेडियम में मैचेज का आयोजन किया गया, पिछले चार दिनों से हो रहे समिट मैचेज के साथ सीरीज का समापन समरोह आयोजित किया गया। तमिलनाडु की टीम पलनी टस्कर्स और राजस्थान से पेरियार पैंथर्स टीमों की विनर का ताज अपने नाम करने के लिए भिड़ंत हुई।




### पलनी टस्कर्स को 20 लाख का प्राइज

शो के फिनाले में मुख्य अतिथि मैसूर साम्राज्य के यदुवीर कृष्णदत्ता चामराजा वडियार थे। साथ ही वायकेएस के सीईओ विकास गौतम और वायकेएस के एम्बेसडर सुहैल चंढोक उपस्थित रहे। उन्होंने जीतने वाली टीम पलनी टस्कर्स को 20 लाख, रनरअप टीम पेरियार पैंथर्स को 10 लाख, तीसरे स्थान पर आए नीलगिरी नाइट्स को 5 लाख का प्राइज दिया। 'बेस्ट डिफेंडर' राजस्थान की टीम पेरियार पैंथर्स से जयपुर के लोकेश घोसलिया को 'बेस्ट रेडर ऑफ द टूर्नामेंट' और छत्तीसगढ़ के टीम चम्बल चैलेंजर्स के बिलासपुर के दुर्गेश कुमार को 50,000 का सम्मान प्रदान किया।

### इन्होंने दिखाया दम

सीरीज में 9 टीमों को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान 120 मैचेज के जरिए 200 प्लेयर्स ने सीरीज में अपनी जगह बनाने में जी-तोड़ मेहनत की। सीरीज के चौथे स्थान पर चम्बल चैलेंजर्स, पांचवें स्थान पर अरावल्ली एरोज और छठे स्थान पर चोला वीरांस ने अपनी जगह बनाई।

जो अपने संघर्ष से सीखता है,
उससे दुनिया सीखती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





## ब्यूटी पार्लरों पर रोक से भड़कीं अफगानी महिलाएं

# तालिबान के खिलाफ छेड़ा आंदोलन

**एजेंसी** | काबुल

अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान शासन के आते ही महिलाओं के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हाल ही में ब्यूटी पार्लरों को बंद करने का एक तालिबानी फरमान जारी किया गया। महिलाएं इसके खिलाफ सड़कों पर उतर आईं और काबुल में एकत्रित होकर उन्होंने "काम, रोटी और न्याय" के नारे लगाए। तालिबान के लड़ाकों ने उन पर पानी की बौछार भी की। कुछ प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि उनके खिलाफ स्टेन गन का भी इस्तेमाल किया गया। बुधवार को करीब 50 महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। तालिबान ने देशभर में हजारों ब्यूटी सैलून बंद करने के लिए 2 जुलाई से एक महीने का समय दिया है। उन्होंने कहा कि विग पहनना और भौंहें निकालने की प्रथा इस्लामी मूल्यों के खिलाफ है। साथ ही, यह भी कहा कि जब जोड़े शादी करते हैं तब माता-पिता ब्यूटी पार्लरों पर पैसा बर्बाद करते हैं।

**60 हजार नौकरियां जाएंगी:** अफगानिस्तान के चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि सभी ब्यूटी सैलून बंद होने से 60,000 नौकरियां चली जाएंगी। इससे पहले भी 1996 और 2001 के बीच में जब तालिबान का शासन था, तब ब्यूटी सैलून बंद हुए थे। दो साल पहले जब अमेरिकी सेना की वापसी के बाद तालिबान की सत्ता में वापसी हुई तो फिर ऐसा ही फरमान जारी किया गया।

**तालिबान की निंदा:** तालिबान के द्वारा महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की दुनिया के अधिकांश देशों ने निंदा की है। जिम और पार्क जाने पर भी महिलाओं पर पाबंदी है। इससे पहले महिलाओं को कक्षाओं, जिम और पार्कों में जाने से रोक दिया गया था। अफगानिस्तान में इसके विरोध में छोटे-मोटे छिटपुट विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन हर विरोध को दबा दिया गया।


## गिरफ्तारी के डर से अफ्रीका नहीं जाएंगे पुतिन!

# वर्चुअली अटेंड करेंगे समिट

**एजेंसी** | जोहानिसबर्ग

ब्रिक्स का हिस्सा होने के नाते अगले महीने जोहानिसबर्ग में होने वाले ब्रिक्स आर्थिक शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हिस्सा लेने पर सस्पेंस बना हुआ था।

बताया जा रहा था कि रूसी राष्ट्रपति यदि वहां जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसी अटकले थीं पुतिन अपनी गिरफ्तारी की वजह से दक्षिण अफ्रीका का दौरा नहीं करेंगे। मगर अब खबर है कि रूसी राष्ट्रपति वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव का कहना है, "पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने का फैसला किया है। यह पूर्ण भागीदारी होगी। विदेश मंत्री लावरोव शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।" यदि पुतिन दक्षिण अफ्रीका आते को तो इसका मतलब यह होता कि दक्षिण अफ्रीका को इस दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा कि वह रूसी नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील कराए या नहीं।




### संधि के तहत गिरफ्तारी का दायित्व

दक्षिण अफ्रीका ने उस संधि पर दस्तख्त किए थे, जिसके तहत आईसीसी का गठन किया गया था। संधि के तहत उसका दायित्व है कि वह पुतिन को गिरफ्तार करे। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने इस बात के संकेत दिए थे कि वह गिरफ्तारी वारंट की तामील नहीं कराएगा। मगर बुधवार की घोषणा के बाद दक्षिण अफ्रीका इस परेशानी से बच जाएगा। रामाफोसा ने हाल में पुतिन से फोन पर बात की थी, जिसके बाद यह घोषणा की गई है।

### आपसी सहमति से निर्णय

रामाफोसा के दफ्तर ने कहा कि शिखर सम्मेलन में पुतिन के शामिल नहीं होने का निर्णय आपसी सहमति से लिया गया है। 22-24 अगस्त को होने वाले शिखर सम्मेलन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिक्स आर्थिक समूह है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। आईसीसी द्वारा पुतिन के खिलाफ मार्च में गिरफ्तारी वारंट जारी करने से पहले, दक्षिण अफ्रीका ने शिखर सम्मेलन के लिए इन देशों के नेताओं को आमंत्रित किया था।

## महिला फुटबॉल विश्वकप से पूर्व गोलीबारी में दो मरे




**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्वकप प्रतियोगिता के पहले मैच से कुछ घंटों पहले गुरुवार को सुबह एक व्यक्ति ने यहां एक ऊंची निर्माणाधीन इमारत में गोलीबारी कर दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। हमलावर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी तथा चार आम नागरिक घायल हुए हैं। यह गोलीबारी उन होटल के पास हुई, जिनमें नॉर्वे और अन्य देशों की फुटबॉल टीम ठहरी हुई हैं।

## कंपनी में दिखे उड़ने वाले विशाल कॉकरोच

# डर से लड़की ने छोड़ी लाखों की जॉब... हो गई बेरोजगार

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन की एक युवती ने कॉकरोचों के डर से अपनी लाखों की जॉब छोड़ दी। अब यह लड़की कुछ समय से बेरोजगार है। सोशल मीडिया पर इस लड़की ने दावा किया है कि उसने अपनी जिंदगी में इतने विशाल और उड़ने वाले कॉकरोच नहीं देखे।

चीन में इस लड़की की कहानी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक लड़की ने दक्षिणी चीन में "विशाल उड़ने वाले" कॉकरोचों से बचने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। इस महिला ने 14 जुलाई को सोशल मीडिया पर अपनी कहानी लोगों के साथ शेयर भी की है। इसने बताया कि वह इतनी डर गई कि उसे मजबूरी में ऐसा कदम उठाना पड़ा। जियाओमिन नाम की यह लड़की कंपनी में वीडियो एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर के तौर पर काम कर रही थी। लड़की ने खुलासा किया कि तीन साल पहले दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत की राजधानी में ट्रांसफर होने तक उसने कभी कॉकरोच नहीं देखे थे। यहां कंपनी में देखे तो डर लगा। वह बताती है कि "कमरे को साफ रखने से भी काम नहीं चलता, दरारें और खिड़कियां सील करने से भी काम नहीं चलता और सभी प्रकार के कीटनाशक बेकार हैं।"



लड़की आगे लिखती है कि मैं 'कॉकरोच' शब्द टाइप करने से भी घबरा रही हूं, क्योंकि इससे कीट का इमोजी बन जाता है। मैं इमोजी देखकर ही डर जाती हूं।


## वैज्ञानिकों ने की दुर्लभ खोज

# स्पेस में अनोखी जोड़ी की एक ही ऑर्बिट

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

खगोलविदों को स्पेस में एक अनोखी जोड़ी मिली है। एक खगोलीय पिंड की खोज हुई है, जिसकी ऑर्बिट एक युवा तारे का चक्कर लगा रहे बृहस्पति जैसे एक ग्रह के समान है। शोधकर्ताओं ने इसकी जांच के लिए दक्षिण अमेरिकी देश चिली के अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे ऑफ टेलीस्कोप (अल्मा) का इस्तेमाल किया।

वैज्ञानिक इन तस्वीरों को इस बात का सबसे पुख्ता सबूत मान रहे हैं कि दो एक्सोप्लैनेट की ऑर्बिट एक हो सकती है। बृहस्पति जैसे दो ग्रह, जिन्हें पीडीएस 70बी और पीडीएस 70सी के नाम से जाना जाता है, पहले से ही तारे की परिक्रमा कर रहे हैं, लेकिन खगोलविदों ने पीडीएस 70बी की ऑर्बिट के भीतर मलबे के एक बादल का भी पता लगाया है। ये संभवतः एक नए ग्रह के निर्माण खंड हो सकते हैं जो सक्रिय रूप से बन रहा है या पहले ही बन चुका है।



### क्या होते हैं ट्रोजन!

मैड्रिड के सेंटर फॉर एस्ट्रोबायोलॉजी में खगोल भौतिकी के पोस्टडॉक्टरल छात्र और अध्ययन के प्रमुख लेखक ओल्गा बाल्सालोब्रे-रूजा ने एक बयान में कहा, 'दो दशक पहले थ्योरी में यह भविष्यवाणी की गई थी कि समान द्रव्यमान वाले दो ग्रह अपने तारे के चारों ओर समान कक्षा साझा करते हैं। इन्हें ट्रोजन या को-ऑर्बिटल प्लैनेट कहा जाता है।' ट्रोजन ऐसे चट्टानी पिंड होते हैं, जिनकी कक्षा ग्रहों के समान होती है।

### बृहस्पति की कक्षा में इतने ट्रोजन

12,000 से अधिक ट्रोजन ऐस्टरॉइड बृहस्पति की कक्षा में मौजूद हैं। अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया गया नासा का लकी मिशन पहली बार देखे गए इन ऐस्टरॉइड्स का करीब से अध्ययन करने वाला पहला मिशन होगा। हालांकि हमारे सौर मंडल से परे ट्रोजन के सबूत काफी दुर्लभ हैं। नई खोज ने शोधकर्ताओं को यह सवाल करने पर मजबूर कर दिया है कि ट्रोजन कैसे बनते और विकसित होते हैं और अन्य ग्रह प्रणालियों में इनकी संख्या कितनी हो सकती है?







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl